# विकास में बाधक बनने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है जनता : मंत्री मिथिलेश

## पूर्व सांसद प्रतिनिधि सलीम जाफर सहित 100 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पूर्व सांसद प्रतिनिधि, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सलीम जाफर सहित 100 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। झामुमो की नीतियों एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्या से प्रभावित होकर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। रविवार को मंत्री श्री ठाकुर के डोरंडा रांची स्थित आवास पर सलीम जाफर अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सलीम, मकसूद खान सहित सभी को माला पहनाकर, पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल करते हुए स्वागत किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आप सभी को पार्टी में शामिल होने से पार्टी परिवार और बड़ा हुआ है। पूर्ण विश्वास है कि आप सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। सलीम जाफर ने कहा कि झामुमो ही माटी की पार्टी है। झामुमो के नेतृत्व में ही राज्य एवं राज्य वासियों का विकास संभव है। गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के रंका पंचायत में फुजैल अहमद की अध्यक्षता में पुरे पंचायत कमिटी कि उपस्थिति में मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कर 50 से अधिक महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

# जूनियर में बारी दुबा तो सीनियर में पथरही ने कप पर जमाया कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड मुख्यालय के मध्य विद्यालय लेस्लीगंज मैं चल रहे पूर्व विधायक स्वर्गीय विदेशी बाबू की याद में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला फाइनल मैच बारी दुबा और लेस्लीगंज तो दूसरी फाइनल मुकाबला पथरही और कुराइनपतरा के बिच खेला गया। जूनियर टीम लेस्लीगंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाये तो उसका जबाबी पारी में बारी डूबा टीम ने 73रन बनाकर आठ विकेट से कप पर कब्जा किया तो दूसरे ओर सीनियर टीम में पथरही और कुराईनपतरा के बीच खेला गया। दूसरी पारी में टॉस जीतकर कुराईन पतरा के टीम ने पहले बालाबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 139रन बनाये वहीं पथरही टीम ने जबाबी पारी खेलते हुए दो विकेट खोकर144रन बनाकर आठ विकेट से मैच को जीत लिया इस बिच मैदान में जमकर आतिशबाजी देखने को मिली। इस फाइनल मुकाबले में पांकी पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह के छोटे भाई बब्लू सिंह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला पवन सोनी अरविंद डिसिल्वा उमेश पांडे मो. इद्रीश छोटू वर्मा सोनू गुप्ता बीरेंद्र वर्मा तनवीर आलम अभिषेक सोनी के साथ सैकड़ो दर्शक और खिलाडी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत द्वारा ईदगाह के मैदान का कराया गया साफ-सफाई



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत अंतर्गत गोसाईबाग स्थित ईदगाह के मैदान में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित नगर प्रबंधक रवि कुमार ने मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों को ईद उल फितर की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आगामी ईद उल फितर के त्योहार को लेकर ईदगाह की साफ सफाई कराया जा रहा है, ताकि मुस्लिम समुदाय के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो.मौके पर उपस्थित ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सदर सुहैल आलम पप्पू ने कहा की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईदगाह की सफाई नगर पंचायत के कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी ईद उल फितर त्योहार को देखते हुए ईदगाह की दीवार का रंग रोगन व साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईद के दिन पूरे ईदगाह में सजावट, टेंट, साउंड की व्यवस्था किया जायेगा ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो। मौके पर अबुताज शहंशाह बाबू खलीफा, गुड्डू खान बाबू, अजहरुल्लाह हक़, जाफिर खान, जहांगीर खलीफा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अंजुमन कमेटी के द्वारा फूल माला पहनाकर हाफिज को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत हुलहुला खुर्द स्थित नूरी जमा मस्जिद में खत्म नमाजे ए तरावीह हाफ़िज सफाअत हुसैन के द्वारा सम्पन्न कराया गया। खत्म नमाजे ए तरावीह समापन के बाद फ़ातिहा खानी किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुल्क में अमन चैन, भाईचारे व खुशहाली की दुआ मांगी.इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के द्वारा फूल माला पहनाकर हाफिज सफाहत हुसैन को सम्मानित किया गया.हाफ़िज सफाअत हुसैन ने कहा कि माह -ए-रमजान के चांद नजर आने के बाद ही शुरू होने वाली इस विशेष नमाजे -ए-तरावीह की काफी अहमियत है अपने रब को राजी करने के लिये ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज लोग घंटों खड़े होकर पढ़ते हैं साथ ही कुरआन भी सुनते हैं उन्होंने बताया कि तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफजल है.अल्लाह इस महीने में अपने बंदों के लिए अज्र बढ़ा देता है। एक नेक काम करने पर 70 नेकियों का सवाब अल्लाह तआला अपने बंदों को नवाजता है.बरकतों व रहमतों से भरे माह-ए-रमजान में अल्लाह तआला ने खास तौर से गरीबों का ख्याल रखने का हुक्म दिया है। उन्होंने बताया कि रमजान माह में नमाजे-ए-तरावीह के दौरान पूरी कुरआन पढ़ी जाने के बाद सुरह-ए-तरावीह पढ़ी जाती है। मौके पर सदर नेयामत अंसारी, सेक्रेटरी गयासुद्दीन अंसारी, पेशे इमाम रिजवान अंसारी, मौलना तौसीफ रजा, मौलना कलीम अहमद, ग्रामीण पुलिस इसहाक अंसारी, लेयाकत अंसारी, नसीम अंसारी, ज्याहुल हक अंसारी, वकील अंसारी, सतार अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जनता का मिल रहा सहयोग व आशीर्वाद : ममता भुईया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित एनएच 39 किनारे पिपरा ग्राम में लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईया का हुआ भव्य स्वागत उपस्थित लोगों ने फूलमाला पहनकर उन्हें स्वागत किया यह कार्यक्रम बिश्रामपुर यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ननदेव यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ पत्रकारों से बात करते हुए ममता भुईया ने बताया हमें जनता का अपार सहयोग आशीर्वाद मिल रहा है अगर सभी का आशीर्वाद से मैं चुनती हूं तो पलामू एवं गढ़वा जिला प्रबुद्ध जनता के बीच बैठकर जो विकास का ज्वलंत मुद्दा होगा उसे निदान दिलाने का कार्य करूंगी हमें हर पंचायत हर घर तक पहुंचना है एवं सभी का आशीर्वाद लेना है इसी क्रम में मै पाटन प्रखंड के बटसारा, चैनपुर प्रखंड के तलया, बभनडी, बिश्रामपुर प्रखंड के अनेको ग्राम के दौरा किया वही यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ने बोला मैं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को बधाई देते हुए कहना चाहता हूं अपने पलामू को सुयोग्य प्रत्याशी चयन कर पलामू एवं गढ़वा जिला के कायाकल्प करने के लिए टिकट दिया है इसके लिए ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं सभी वर्ग के लोग उनके साथ रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित, हलकानी भुइया, मधुसूदन सिंह, विजय यादव, बिनय यादव, सुनील राम, रामचंद्र गुप्ता, प्रवेश भुईया, विनोद भुईया, पार्वती देवी शाहिद काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# खलिहान में आग लगने से 150 गेंहू का बोझा जल कर हुआ राख



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पिपरडीह ग्राम निवासी सुरेन्द्र राम के खलिहान में आग लगने से खलिहान में रखा 150 बोझा गेहूं जलकर राख हो गया।घटना की जानकारी देते हुये सुरेन्द्र राम ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही है।घटना सुबह लगभग 8 बजे की है। उन्होंने बताया कि आग जब लगी तो आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि खलिहान में रखे गेहूं के बोझा में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों के सहयोग से आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया।लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि गेहूं के बोझा में आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। आग बुझाने वालों में अर्जुन कुमार, विकास कुमार, श्रवण राम, मनु राम, गिरिवर पासवान, नरेश राम, रविन्द्र राम सहित अन्य के नाम शामिल है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेल भवनाथपुर के तत्वावधान में किया गया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेल भवनाथपुर के तत्वावधान में दहेड़ीया ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 225 मरीजों का स्वास्थ्य जांचकर दवा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ सेल भवनाथपुर के एजीएम राजेश कुमार, तुलसी दामर डोलोमाइट माइंस के एजीएम वी पाणिग्रही, माइंस अस्पताल के डॉ विजय कुमार राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर डॉ विजय कुमार राम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेल द्वारा समाजिक कल्याण के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है।उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों व विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य सबंधी जानकारी विस्तार से दिया।उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिये स्वयं के साथ साथ अपने टोले मुहल्ले की साफ सफाई रखना आवश्यक है।तुलसी दामर डोलोमाइट माइंस के एजीएम वी पाणिग्रही ने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस तरह का शिविर आयोजित किया जाता है ताकि जिन्हें मेडिकल सुबिधा नही मिल पाता है, उन्हें मेडिकल सुबिधा उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ साथ आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराया जाता है। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी अनिला मिंज, मुकेश दुबे, सरोज कुमारी, अमित कुमार, राजमणि सिंह, विद्यालय के शिक्षक रामचन्द्र यादव, राधा प्रसाद यादव सहित सेलकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर सरना समाज की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** सरना समाज कि जिला इकाई की सरहुल पर्व मनाने को लेकर मिथिलेश उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई अद्दि कुड़ूख सरना समाज जिला ईकाई पलामू के तत्वावधान में केन्द्रीय सरना स्थल पोखराहा कला के समीप धुमकुड़िया भवन में आगामी 11अप्रैल को प्रकृति महापर्व सरहुल पूजा महोत्सव 2024 को सादगी, सौहार्द, शांति पुर्ण एवं आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन करते हुए सरहुल की सफल संचालन हेतु तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में पलामू जिला के 16 प्रखंडो के अध्यक्ष तथा सचिव एवं जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्राकृति की इस महान परब को प्रकाश डालते हुए सरना समाज जिला संयोजक श्याम लाल उराँव ने कहा कि संसार के प्रत्येक प्राणी को प्रकृति की बनाई हुई विधी के अनुसार हर कार्य को करना चाहिए। प्रकृति को जाने ,प्रकृति को सुने , प्रकृति के नियमों का पालन करें। वर्तमान कालखंड में असमय वर्षा, भिषण गर्मी एवं आत्याधिक जाड़ा के माध्यम से प्रकृति मानव को सावधान कर रही है कि धरती की अत्यधिक दोहन भविष्य में कष्ट होगा। जिला अध्यक्ष मिथलेश उराँव ने सरहुल का त्योहार सरना समाज के लिए नये साल का तोहफा लेकर आता है। हर पेंड़ के पुराने पत्ते झड़ कर नये नये कोमल कोमल पत्ते आते है।

# महायज्ञ को लेकर निकाला गया दीप ज्योति यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर :** लेस्लीगंज स्थित महावीर मंदिर परिसर में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 19वां अधिवेशन को लेकर रविवार की सुबह दीप ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर कोटखास, पुराना बाजार, दुर्गा मंडप, पथरही, गोपालगंज, नया बाजार, ढेला, कठौंधा, कुराईनपतरा, जगतपुरवा, बाबुदुंबी होते वापस महावीर मंदिर यज्ञ स्थल पहुंचा। इस दौरान रास्ते में सभी मंदिरों में यज्ञाचार्य पंडित प्रवीण मिश्रा ने पूजा अर्चना कराई व दीप जलवाया।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयश्री राम के नारे लगाते रहे।यात्रा में बड़ी संख्या में दोपहिया और चार पहिया वाहन में भगवा झंडा लगाकर व माथे पर चुनरी बांधकर लोग शामिल हुए। लेस्लीगंज महावीर मंदिर में वापसी के बाद अखंड दीप जलाते हुए 12 घंटे के लिए अखंड प्रारंभ किया गया। यात्रा को सफल बनाने में यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद डिसिल्वा, सचिव पवन सोनी, उपसचिव शंकर बैठा, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उप कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, मुख्य यजमान बालकेश पासवान, मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश गिरी, महेन्द्र प्रसाद सोनी, मुन्ना यादव, धर्मेंद्र सोनी, अजीत तिवारी, संदीप सौडिंक, बालकेश पासवान, विजय ठाकुर, संतोष ठाकुर, अभिषेक कुमार, मंटू सिंह, अनूप सोनी,महेंद्र कुमार, गोलू कुमार, शंकर कुमार सहित सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। अध्यक्ष सुदर्शन सोनी ने बताया कि सोमवार की सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे तथा मंगलवार से दिन में पाठ एवं रात्रि में बाहर से आए हुए विद्वानों द्वारा प्रवचन होगा। यह यज्ञ 9 अप्रैल से प्रारंभ होगी तथा 17 अप्रैल को पूर्णाहुति किया जाएगा। 18 अप्रैल को सम्मान समारोह किया जाएगा।

# श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं आचार्य के द्वारा किया जाएगा प्रवचन का आयोजन



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीत मय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ ग्राम चांदनी थाना खरौंधी जिला गढ़वा झारखंड अंतर्गत 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक पांच दिवसीय कार्य क्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें गर्भ गृह में श्री हनुमान जी की प्रतिमा के साथ श्री गणेश जी की प्रतिमा एवं श्री लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा एवं श्री सीताराम भगवान की प्रतिमा के साथ श्री राधे कृष्ण भगवान की प्रतिमा मंदिर के चारों कोनों पर स्थापित किया जाएगा। जिसका आयोजन ग्राम चांदनी कमेटी के द्वारा समापन कराया जाएगा। उक्त जानकारी कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सरपंच शम्भू नाथ द्विवेदी ने दिया है। मौके पर मंदिर निर्माण कार्य के मुख्य मिस्त्री राम केवल मेहता, मुनदीरका मेहता, राम लखन राम, भरदुल प्रजापति के साथ स्थानीय कमेटी के सभी लोग उपस्थित थे।

# सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया।सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से नाम जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में धृतिसुन्दर लाल,अनिता देवी व चंचला देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ॠत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि अपने गुरु की सेवा स्वयं अपने हाथों से करना चाहिये। इससे अहंकार पतला होता है। उन्होंने कहा कि हमे संकोच नही करना चाहिये। मन को संकीर्ण नही करना चाहिये, क्योंकि संकीर्णता एक पाप है।मन को प्रसारित करना एक सुख है। उन्होंने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी के वाणियो पर विश्वास कर चलना चाहिये।सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक मानव को सबल हृदय का होना चाहिये। दुर्बल हृदय में प्रेम भक्ति का स्थान नही होता है। सबल हृदय का व्यक्ति आनन्द को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक ही परम पिता परमेश्वर के संतान हैं। सभी लोग शक्ति के तनय है, इसलिये सभी लोग सबल हृदय के है।उन्होंने कहा कि संकोच एक दुख है।उन्होंने कहा कि मनुष्य को सुख दुख में सम भाव रखते हुये ईश्वर का स्मरण करना चाहिये। धृतिदीप ने कहा कि माता पिता व गुरु की आज्ञा मानना चाहिये।याजक राजकुमार दा ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि सत्संग से ही मानव का जीवन सुलभ है।सत्संग से ही अच्छे गुणों का संचार होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे श्री श्री ठाकुर जी का नाम सर्वोपरि है। सत्संग में ॠत्विक विजय नंदन सिन्हा, भोला प्रसाद, अजय दा, सीमा देवी, तनुष्का, प्रिया, राजकुमारी, दीपमाला, गुंजा कुमारी, सुधा कुमारी, चंद्रावती देवी, आदित्य, राहुल दा, श्रीकांत, प्रीतम, लक्ष्य, शिवम सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

# छतरपुर: बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलामू लोक सभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को रिकॉर्ड मतो से विजयी बनाना है। 2024 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। विरोधियों द्वारा नरेंद्र मोदी को रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं। मोदी जी के संकल्प को पूरा करने के लिए एक बार पुनः उन्हें प्रधानमंत्री बनाना है। हेमंत सोरेन पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कई बार ईडी के नोटिस करने के बावजूद भी नही जाते हैं। नदी के बालू को यूपी और बिहार के लोगों को बेच दिया गया है। झारखंड सरकार के द्वारा स्थानीय पुलिस को बालू के वसूली में लगा दिया गया है। प्रतियोगिता परीक्षाओं का पेपर पहले ही लिक कर दिया जाता है। सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम में मंच से कार्यकर्ताओं को कहा कि नए मतदाताओं को भाजपा के पक्ष मे वोट देने के लिए प्रेरित करें। अपनी शक्ति को पहचान कर लोगो से निवेदन कर मोदी जी के नारे को बुलंद करें। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, छत्तरपुर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव, मीडिया प्रभारी चंदन यादव, अजीत प्रजापति, जितेंद्र गुप्ता, सुधीर सिन्हा, अशोक सोनी, कमलेश गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों का हुआ प्रतियोगिता

**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पंडवा प्रखंड प्रशासन द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके इसी कार्यक्रम के तहत पंडवा बाजार के बगल में स्थित मैदान में रविवार को दुसरे दिन प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चित्रांकन में आराध्या कुमारी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोकरसा ने प्रथम स्थान, निबंध में अनामिका कुमारी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरमा प्रथम स्थान, प्रश्नोत्तरी में आर्यन कुमार राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरा प्रथम स्थान, भाषण में दीप ज्योति सुरत उच्च विद्यालय लोहड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों से 40 एमएमटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा

**रांची** : भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपनी कैप्टिव खदानों से 40 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कैप्टिव कोयला उत्पादन में 17 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इससे वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों के माध्यम से कोयले की 15 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता पूरी हो जाएगी, जिससे बिजली प्रमुख के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत होगी। कंपनी ने 31 मार्च के अंत तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया और कोयला उत्पादन 34.38 एमएमटी रहा। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### राष्ट्रीय एकता अभियान का दावत ए इफ्तार आयोजित

**रांची।** राष्ट्रीय एकता अभियान द्वारा मिलन पैलेस (क्लब रोड) रांची में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन रविवार शाम को किया गया। जिसमें मौजूद रोजेदारों ने अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। कांग्रेस के सभी बड़े नेता समेत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के गणमान्य शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर सभी त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। सामूहिक इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है।

### रांची के ऐतिहासिक जामा मस्जिद में खत्म ए तरावीह में शामिल हुए डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम

# जमीयतुल कुरैश पंचायत समाज में बेहतर काम कर रही है : नौशाद आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर के सबसे पुरानी और ऐतिहासिक मस्जिदों में से एक जामा मस्जिद कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला में बरसों से चली आ रही परंपरा के तहत इस साल भी माहे रमजान के मुबारक महीने के 27वीं रमजानुल मुबारक के दिन खत्म ए तरावीह के मौके पर जलसा आयोजित किया गया। इस मौके पर जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के अंतर्गत संचालित जामा मस्जिद कुरैशी मुहल्ला में खत्म ए तरावीह के मौके पर डीआईजी कार्मिक झारखंड नौशाद आलम भी उपस्थित हुए । उन्होंने मौके पर इशा और तरावीह की नमाज इसी मस्जिद में अदा किया। तरावीह की नमाज के बाद बरसों पुरानी एतिहासिक परंपरा के तहत जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली के माध्यम से नजराना की राशि इमाम,व मुअज्जिन ,नायब मुअज्जिन के बीच पेश किया गया। आवाम के ताउन से करीब एक लाख उन्नासी हजार राशि एकत्रित किया गया। जिसमें जामा मस्जिद कुरैशी मुहल्ला में तरावीह की नमाज पढ़ाते चले आ रहे हाफ़ज़ि कैसर को एक लाख एकावन सौ रुपए मात्र नजराना डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम के हाथों पेश किया गया, जामा मस्जिद के इमाम ओ खतिब मंजूर हसन बरकाती को झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के हाथों करीब छत्तीस हजार रुपए नजराना के तौर पर दिया गया। मुअज्जिन हाफिज शाहीद रज़ा को जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली के सदर गुलाम गौस कुरैशी ने छब्बीस हजार और नायब मुअज्जिन महबूब मियां को जमीयतुल कुरैश पंचायत के पूर्व सदर फिरोज कुरैशी के हाथों बारह हजार रुपए नजराना पेश किया गया। इस मौके पर सभी को वस्त्र भी दिया गया। इनके अलावा मस्जिद में इतेकाफ पर बैठे सभी साथी गण को शाफा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

**डीआईजी नौशाद ने कहा::** डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने जामा मस्जिद कुरैशी मुहल्ला में खचाखच भीड़ को संबोधित करते हुए अपने तकरीर में कहा कि जमीयतुल कुरैश पंचायत बहुत पुरानी और सामाजिक संस्थान है और इनका अपना एक इतिहास है । सामूहिकता में एकता और इसी में ताकत है और यह काम जमीयतुल कुरैश पंचायत बाखूबी करती चली आ रही है। मैं जहां कहीं भी कार्यक्रम में जाता हूं तो जमीयतुल कुरैश पंचायत की तारीफ हर जगह सुनने को मिलती है। ऐसे समाज में शामिल होने में मुझे फक्र महसूस होता है। इतना ही नहीं डीआईजी ने कहा हम सभी अदम और हव्वा के संतान हैं कुरान में इसका जिक्र है, वहीं आदमी हव्वा का जिक्र बाइबल में एडम और इव के रुप में हुआ है और मनुस्मृति में स्वायंभुव मनु और प्रथम स्त्री थी शतरूपा के रूप में जाना जाता है,कहने का अर्थ यही है हम-सब का मालिक एक है और सबको मिलजुलकर रहना चाहिए। किसी के बहकावे में आने से समाज को नुक्सान होता है। जमीयतुल कुरैश पंचायत बहुत पुराना संगठन है इसलिए इसका महत्व भी बहुत है, ऐसे संगठन से कटके रहने वाले का अपना कोई वजूद नहीं रहता है। वहीं हाफ़ज़ि कैसर और हाफिज आशिक ने अपनी दिलकश आवाज से नात शरीफ पढ़कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। मंजूर हसन बरकाती ने भी कम समय में अपने जज्बात भरे तकरीर से लोगों का बांधे रखा। मंच संचालन जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटाटोली के सरपरस्त नौशाद कुरैशी ने किया। सहयोगी सदस्यों में आफताब कुरैशी, सोनू कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज़ कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन कुरैशी , बब्लू कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, बारिक, हाजी अजीम कुरैशी, युनूस कुरैशी, हाजी मिन्हाज , साजिद,गुलाम रसूल कुरैशी, नौशाद खान, फिरोज खान, फरहाद कुरैशी, आशिक कुरैशी एवं कुरैशी मुहल्ला, इदरीश कालोनी , गढ़ा टोली,राजा कालोनी, सुल्तान लेन सहित विभिन्न मुहल्लों के सैकड़ों लोग शामिल हुए ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रयास से ही हम जीत सुनिश्चित कर पाते हैं : कर्मवीर सिंह

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची लोक सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक रांची लोकसभा कार्यालय मोहन कंपेक्स में संपन्न हुई । इस बैठक में रांची लोकसभा के प्रबंधन समिति के सदस्य विशेष रूप से सम्मिलित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हम भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर ही हम जीत सुनिश्चित कर पाते हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य इस बार 400 पर और झारखंड की 14 में 14 सीट हम अपने कार्यकर्ताओं के बल पर जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 फूलों की माला में 14 फूलों की माला झारखंड का भी पिरोया जाएगा यह तभी संभव होगा जब हम अपने-अपने बूथ को जीतेंगे संगठन मंत्री ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी कि कैसे हमें चुनाव प्रबंधन में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं को कम करना है।

## रांची की मुक्ति संस्था ने 43 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुक्ति संस्था की ओर से रविवार को रांची स्थित जुमार नदी के तट पर 43 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। संस्था के सदस्य रिम्स रांची के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर जुमार नदी के तट पर लेकर आए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 1723 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने की। मौके पर संस्था के अन्य सदस्य रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, हरीश नागपाल, आदित्य राजगढ़िया, केवल किशोर, राजेश विजयवर्गीय, सुनील अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## कचरा संग्रहण वाहनों में मतदाता जागरूकता से संबंधित गीत अथवा उद्घोषणा करायी जाये : निगम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रांची नगर निगम अंतर्गत अवस्थित (रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन) के साथ आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय में बैठक की गई। जिसमें रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के निवासियों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में रणधीर अपार्टमेंट, रातू रोड में रहने वाले एक जागरूक मतदाता संजय कुमार ठाकुर द्वारा तीन सुझाव दिए गए – मोराबादी पार्क एवं आसपास के स्थलों पर मॉर्निंग वॉकर्स के मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए. रांची नगर निगम के सभी कचरे के संग्रहण वाली गाड़ियों में मतदाता जागरूकता से संबंधित गाने अथवा अनाउंसमेंट करवाया जाए।

मतदान के उपरांत मतदाताओं से बूथ से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया जाए, जिससे भविष्य में बूथ पर मिलने वाली सुविधाओं में सुधार किया जा सके।

इस बैठक में अमित कुमार, प्रशासक रांची नगर निगम, राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष, अनुमंडल पदाधिकारी रांची एवं सैकड़ो रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के निवासियों ने भाग लिया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सैकड़ों लोगों ने साइकिल चलाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर पारस अस्पताल ग्रुप ने रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया।




लोगों में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इसी क्रम में रांची के एचइसी स्थित पारस अस्पताल की ओर से भी साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। साइक्लोथॉन के तहत 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक साइकिल चलाना था, इसमें लोगों ने बड़े ही जोश के साथ हिस्सा लिया। साइक्लोथॉन में 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक साइकिल चलाने वाले विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। साइक्लोथॉन में शामिल होने वालों के बीच जुंबा करवाया गया। इसके अलावा अच्छे स्वास्थ्य के लिए इससे जुड़े एक्सरसाइज भी कराये गये। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर पारस अस्पताल के डॉ नीतेश कुमार ने वर्ल्ड हेल्थ डे पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि काम काज के दौरान लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं।

## आईफा इंटरनेशनल में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साबिर हुसैन ने ईद के अवसर पर विशेष मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ईद के पारंपरिक रंग-बिरंगे मेहंदी डिज़ाइन को प्रोत्साहित करना और इसे जनता के बीच लाना है।

साबिर हुसैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता ईद के त्योहार को और भी रंगीन बनाने का प्रयास है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अद्वितीय अवसर में अपनी मेहंदी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली के रूप में शगुफ्ता बानो , पंकज, अली अब्बास, ने किया। प्रतिभागियों तथा विजेताओं को साबिर हुसैन ने सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार विजेता अंजू कुमारी, द्वितीय पुरस्कार विजेता मुस्कान तथा तृतीय पुरस्कार विजेता लाईबा को मिला। संतान पुरस्कार निम्नलिखित को दिया गया।

जेबा, फिरदौस, मिश्कत, जहारा, ततहिर फातिमा, आफरीन परवीन , सामिया नसीम, हिबा, लाईबा , हीबा,हूमयरा,। आईफा इंटरनेशनल के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा ईद की बधाई दी।

## मतदान से पहले अपना बूथ अवश्य देख लें : राहुल कुमार सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि 25 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम एग्जाम के एक दिन पहले परीक्षा केन्द्र देखने जाते हैं, उसी तरह मतदाता सूची मिलने के बाद मतदान से पहले अपनी सहूलियत के लिए अपना बूथ जरूर देख लें।

शहरी क्षेत्र में कम मतदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में भी अच्छी संख्या में मतदाता बूथ तक पहुंचते हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में सुविधाओं और जानकारी होने के बावजूद लोग मतदान दिवस पर घरों से कम निकलते हैं। उन्होंने आरडब्ल्यूए के सदस्यों से कहा कि पोलिंग डे पर अपने परिवार और आस पास के लोगों को लेकर मतदान केन्द्र तक आयें। मौके पर कार्यशाला के दौरान नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने भी मतदाता जागरूकता से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट बहुमूल्य है, लोग अच्छी संख्या में वोटिंग डे पर बूथ तक पहुंचे। इसके लिए सभी को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना जरूरी है। रांची लोकसभा क्षेत्र में योग्य नागरिक 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन दिया जा सकता है। अमित कुमार ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ सफाई मित्र एवं सुपरवाइजर घर-घर पहुंच रहे हैं, छूटे हुए नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। वोट छुट्टी का दिन होता है यह न सोचे, मतदान अवश्य करें, ऊंची इमारत और छोटी सोच नहीं होनी चाहिए।

## श्री महावीर मंडल के नेतृत्व में विभिन्न अखड़ो का हुआ दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल के नेतृत्व में विभिन्न अखाड़े धारी से अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा ,प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा , मंत्री प्रेमचंद चौधरी, गोपाल सोनी प्रमोद , शाश्वत सभी ने विभिन्न अखड़ो का दौरा किया । जिसमें मुख्य रूप से सभी जगह विचार विमर्श किया गया । बिहार झटपट मंदिर जलना रोड में स्थित है। पुनः दिशा निर्देश दिया गया कि डीजे का उपयोग ना करें । जितना हो सके झंडा और बड़ी से भारी संख्या में सभी लोग इस जुलूस में सम्मिलित हो और पूरे हर्षोल्लह के साथ डंका की धुन में आना है और इस मंगलवारी जो की अंतिम मंगलवारी है । इसमें हर्ष उल्लास के साथ साथ मंगलवारी जुलूस निकालना है और अंतिम मंगलवारी होने के नाते पूरे अरशद उल्लास के साथ इन्हें मानना है और इनमें महिलाएं भी भारी संख्या में शामिल होगी यह जानकारी प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।

## तेज रफ्तार थार ने स्कूटी को रौंदा, दो की मौत

**रांची :** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के आवास के समीप शनिवार रात तेज रफ्तार थार गाड़ी ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद डाला। इससे घटनास्थल पर ही दोनों युवक की मौत हो गई। मृतकों में गढ़वा के कांडी निवासी अनुज कुमार शाह (25) कांके के सीएमपीडीआई निवासी अंकुश कुमार (27) की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने थार गाड़ी और स्कूटी को जब्त कर लिया है।

## शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले की खैर नहीं: दयानंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ईद ,सरहुल ,बैसाखी और रामनवमी पर्व इसी अप्रैल महीने में होना तय है। इसको लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो चुकी है। पुलिस महानिदेशक झारखंड के निर्देश पर जिले के सभी पुलिस अधीक्षक अपने अपने थाना क्षेत्रों के सभी थानेदार को निर्देश दिया है कि वे अपने थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक बुला कर विधि व्यवस्था ना बिगड़े इसकी सख्त दिशा निर्देश जारी करें। इसी क्रम में रांची जिला अंतर्गत लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने अपने थाना क्षेत्र के सामाजिक संगठनों एवं बुद्धिजीवी वर्गों के साथ बैठक की और उन्हें सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ईद, सरहुल, बैसाखी और रामनवमी पर्व है इसको देखते हुए यह बैठक आयोजित की गई है कि आप लोग यह सुनिश्चित करायें कि किसी तरह से विधि व्यवस्था ना बिगड़े। थानेदार ने यह भी कहा कि अपने अपने गली मुहल्ले में ब्राउन शुगर, गंज एवं अन्य नशीली पदार्थो की खरीद बिक्री करने वाले, खुले में बिकने वाले मांस, मछली, चिकन व प्रतिबंधित चीजे जिससे विधि व्यवस्था बिगड़ सकती है इसे अविलंब बंद कर दें । आगे कहा सोशल साइट पर अफवाह फैलाने वाले, छोटी-छोटी बातों पर विधि व्यवस्था बिगड़ने एवं मुहल्ला टोला में विवाद पैदा करने वाले सभी सतर्क हो जाए, किसी तरह कि किसी की शिकायतें आई तो सीधे उस पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। चुनाव आयोग का सख्त आदेश है। वहीं फरार आरोपी, वारंटी, कुर्की जब्ती वाले भी सतर्क रहें, न्यायालय में जाकर सरेंडर करें नहीं तो जेल जाएंगे। इस बैठक में थाना प्रभारी दयानंद, टीओपी पुलिस सहायक अवर निरीक्षक भीम सिंह, सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।



**सिटी एसपी राज कुमार ने कहा:** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा इस बार चुनाव आयोग बहुत सख्त है। किसी तरह की अपराध और विवाद बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इतना ही अभी आदर्श आचार संहिता लागू है इस दौरान कोई भी हिंसक घटना, हत्या,चोरी,लूट छीनताई, डकैती, मारपीट,धमकी या अन्य किसी तरह की विवाद की सूचना मिलती है तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी और ऐसे लोगों पर जब जब चुनाव का समय आयेगा तब तब वैसे लोग जेल में बंद रहेंगे।

# नशा का कारोबार करने वाले चार युवकों को पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम गठित किया गया है। न्यू मार्केट, ऑटो बस स्टैंड थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास कुछ लोगो के द्वारा प्रतिबंधित नशीला पदार्थ का अवैध रुप से खरीद बिक्री के लिए बिहार से लेकर आ रहे है। प्राप्त उक्त सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक नगर राँची राज कुमार मेहता के नियंत्रण में उक्त स्थल पर प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची के नेतृत्व में छापामारी कि गयी है।

**गिरफ्तार युवकों में :** मो0 जुबेर उर्फ राजु देहाती, हिन्दपीढ़ी नीजाम नगर, थाना हिन्दपीढ़ी , रोहित कुमार ठाकुर उर्फ बिरनी किशोरगंज, कुम्हारटोली, थाना सुखदेवनगर , सुजीत कुमार गुप्ता, विधानगर कुमारटोली रोड नंबर 01थाना सुखदेवनगर, तरुण कुमार पाण्डेय, यमुना नगर रोड नंबर 02. थाना सुखदेवनगर को गिरफ्तार किया गया है।

**कांड में बरामद सामानों की सूची:** प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर करीब 11.5 ग्राम,एक लाल रंग का ओप्पो कंपनी का एंड्रायड मोबाईल जिसमे एयरटेल कंपनी का सीम 7484084293 लगा हुआ।

एक हल्का गोल्डेन कलर का रेडमी एंड्रायड मोबाईल जिसमे जियो कंपनी का सिम नंबर 9334180475 लगा हुआ,एक काले रंग का एसीई कंपनी का कीपैड मोबाईल जिसमे एयरटेल का सिम नंबर 7761005166 लगा हुआ, एक नारंगी रंग का नारजो कंपनी का मोबाईल जिसमे एयरटेल कंपनी का सीम 8409077731 लगा हुआ।

**छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नाम:** प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची, मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी सुखदेवनगर जिला रांची, पुअनि सहाबीर उराँव, सुखदेवनगर थाना राँची, पुअनि द्वारिका नाथ ठाकुर सुखदेवनगर थाना राँची,पुअनि विश्वजीत कुमार सिंह, सुखदेवनगर थाना राँची,सअनि चौधरी, सुखदेवनगर थाना राँची,आरक्षी/825 विनोद सोरेन (जैप-08), सुखदेवनगर थाना राँची शामिल थे।

## गृह विभाग ने जिलों में विधि व्यवस्था के लिए राशि आवंटित की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सभी जिलों में विधि-व्यवस्था के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसको लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जायेगी।

**किस जिले में कितनी राशि आवंटित:** देवघर : 15 लाख, दुमका : 15 लाख, पाकुड : 04 लाख, गोड्डा : 20 लाख, साहिबगंज : 04 लाख, जामताड़ा : 04 लाख, रांची :20 लाख, खूंटी : 05 लाख,लोहरदगा : 04 लाख, रामगढ़ : 10 लाख, बोकारो : 15 लाख, हजारीबाग : 20 लाख, कोडरमाः 05 लाख,पलामू : 04 लाख, गढ़वा : 04 लाख, लातेहार : 04 लाख, चतरा : 04 लाख, जमशेदपुर : 05 लाख,चाईबासा : 15 लाख,सिमडेगा : 05 लाख, धनबाद : 15 लाख, सरायकेला : 10 लाख, गुमला : 04 लाख, गिरिडीह : 04 लाख रुपये। कुलः 2.15 करोड़ रुपये

## झारखंड में नंद घर के स्वास्थ्य कार्यों से बदल रहा लोगों का जीवन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, जब दुनिया इस पर विचार कर रही है कि हर किसी को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ कैसे मिल सकती हैं, वहीं नंद घर बड़े बदलाव लाने का एक सार्थक उदाहरण बनकर सामने आया है। नंद घर एक प्रमुख महिला और बाल कल्याण प्रोजेक्ट है, जिसका संचालन अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ), वेदांता की सामाजिक इकाई करता है। आफ पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों की मदद करने पर केंद्रित है। इस प्रकार, नंद घर इन क्षेत्रों में कई लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है। यह प्रोजेक्ट आधुनिक आँगनवाड़ियों का एक समूह है, जो प्रारम्भिक बाल विकास से परे उनके कल्याण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करता है। वे कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं, जैसे- पूर्व प्राथमिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की जरूरतें। साथ ही, वे महिलाओं को नए कौशल सीखने और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, प्रोजेक्ट नंद घर समुदायों को भविष्य के लिए मजबूत और स्वस्थ बनने में मदद कर रहा है।

## राय खेल मैदान में 14 अप्रैल को होगा सरहुल महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड अंतर्गत राय पंचायत के अंबेडकर खेल मैदान में आगामी 14 अप्रैल को सरहूल महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन करने की तैयारी चल रही है। महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों की एक बैठक रविवार को राय पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महोत्सव में मेला के आयोजन के साथ नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया जाएगा।सरहूल महोत्सव के दिन सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी उसके बाद दोपहर दो बजे से नागपुरी आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि महोत्सव में बाहर से करीब पचास की संख्या में पारंपरिक झारखंडी खोडडा नृत्य करने वाले कलाकार की टीम भी शिरकत करेंगे।आयोजन समिति के सभी लोगों ने कोयलांचल क्षेत्र के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।बैठक में शामिल आयोजन समिति के सदस्यों में विजय पहान,दुर्गा प्रसाद महतो,रूपेश कुमार महतो,प्रदीप उरांव,गणेश कुमार महतो,राजेश कुमार महतो,रामकुमार भुईयां, हरीश महतो,नरेश महतो, पारस महतो,भुवनेश्वर महतो, चंदन महतो,संतोष प्रजापति, लखन लाल महतो,कालेश्वर महतो,संतोष महतो,विजय महतो,प्रकाश महतो,सरवन मद्रासी,दीपक मद्रासी,हब्बू महतो,लोकन महतो,संदीप महतो,प्रेम महतो,नीरज मुंडा, दिलचंद महतो,सीटू महतो शामिल थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार की अहले सुबह से तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है।सुबह से ही पूरा इलाका बादलों की चपेट में आ गया, जिसके बाद तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई।बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से पूरे इलाके में ठंड जैसा माहौल बन गया है।वही तेज हवा और गरज के बीच बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी गिरावट देखी गई।इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को भीषण भरी गर्मी से भी राहत मिली है।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।बारिश से बचने को लेकर लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं।ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पुरे इलाके मे भीषण भरी गर्मी से लोग काफी परेशान थे।इस बीच मौसम में आयी बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की सूरत बदल गई है।सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण इलाकों में कच्ची सड़क गीली हो गई है,जिसमे चलना चलना मुश्किल हो गया है।इधर बदलते मौसम के बीच रमजान महीने में रोजा रख रहे रोजेदारों को भी काफी राहत मिली है।बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का एहसास होने से रोजगारों को गर्मी से राहत मिली है। समाचार लिखे जाने तक कोयलांचल क्षेत्र में गरज के साथ मूसलाधार बारिश जारी थी।

## हेठ बालालौंग में पत्नी ने पति पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के हेठ बालालौंग में कलियुगी पत्नी ने अपने पति को कुल्हाड़ी से लागातार हमले कर मौत के घाट उतारने की कोशिश की। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विगत देर रात लगभग साढ़े तीन बजे साबी देवी ने बिस्तर पर सोए अपने पति अजित प्रजापति पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ चार हमले किए जिससे सर में दो गहरी चोटें लगी है साथ ही नाक और बचने के क्रम में हाथ में भी चोट लगी है जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और घायल अजित बचाओ बचाओ चिल्लाते हुए गिर पड़ा इधर अजित की मां कौशल्या देवी दौड़ी दौड़ी पहुंची तो देखा बेटा बुरी तरह से तड़पते हुए घायल पड़ा हल्ला गुल्ला सुनने पर आस पड़ोस के ग्रामीण जमा हुए और घायल को आनन-फानन रांची रिम्स पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।इधर हमलावर पत्नी मौका देखकर भाग निकली और एक घर में छुप गई सुबह ग्रामीणों ने उसे ढुंढ निकाला और अड़की पुलिस को घटना की सूचना दी अड़की पुलिस ने हमलावर महिला साबी देवी को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई में जूटी है। घायल अजित प्रजापति की बहन मंजू देवी कहती है कि मेरे पिता गंगाधर कुम्हार के हम दो बेटी अपने परिवार के साथ बालालौंग टुंगरी में घर बनाकर रहते हैं मेरा ससुराल चुरगी का हेसाड़ीह गांव है पर पति मोतीराम कुम्हार के साथ काम करके परिवार चलाने के लिए रहते हैं साथ बहन सरस्वती की तो मौत हो गई है ।

# अंजुमन ईस्लामियां जराटोली ने माह ए रमजान के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के जराटोली गांव के मस्जिदों ए आईशा में रमजान उल मुबारक के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। दावत-ए-इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदारों व गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मौके पर देश में अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ किया गया। इफ्तार पार्टी में अंजुमन के सदर सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमीन अंसारी ने कहा कि रोजा से इबादत के साथ-साथ शारीरिक फायदे भी है। इस महिने में रोजेदारों के साथ बैठक इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। प्रेम और मेलजोल बढ़ता है।मस्जिद के इमाम युनुस अंसारी ने फरमाया कि रमजान उल मुकद्दस का महीना बड़ा बरकत वाला महीना होता है। इसमें हम सब जितनी इबादत करें उतनी कम है। इस पाक महीने में कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें और अल्लाह हमें कुरान सुनाने की और सुनने की तौफीक अता फरमाए। वहीं हाफिज इमरान ने कहा कि इस खास महीने मे मुसलमान अल्लाह के बंदे ज्यादा से ज्यादा रोजे रखे और इस वक्त हमारा अल्लाह तआला सख्त इम्तिहान ले रहा है। जो भी मुसलमान बंदा इतनी शिद्दत से गर्मी में रोजे रखता है अल्लाह ताआला उसकी हर जायज मुरादें पूरी कर देता है और उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। इसलिए हम मुसलमानों को चाहिए कि रमजान मुकद्दस के महीने में ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें और कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें। मौके पर कराँजी के सदर सोयब अंसारी, अंजुमन के सेक्रेट्री अबदुल्ला अंसारी, रूसतम अंसारी, मनिर अंसारी, ईस्माल अंसारी, इसराईल अंसारी, तबरेज अंसारी, सहबान अंसारी, इलयास अंसारी, रिजवान, सरफराज, खालिद व समिउल्लाह सहित कई लोग शामिल थे।

# मुरहू के कोड़ाकेल गांव में बोरी बांध का किया गया निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नदी बचाओ अभियान के तहत रविवार को मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल गांव के मात्र नौ युवाओं ने तीन घंटे तक श्रमदान कर बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण कर डाला। जिससे नदी में तेजी से जल संचयन होने लगा है। बता दें कि कोड़ाकेल गांव का युवा किसान सकलदीप महतो हर वर्ष कोड़ाकेल और कोठाटोली के सीमान पर 14 एकड़ में सब्जी की खेती करता है। नदी बचाओ अभियान से प्रभावित होकर सकलदीप महतो के द्वारा बनई नदी के कुछ हिस्से में पक्का बांध बनाया गया है। इसके बावजूद अप्रैल के महीने में नदी का जलस्तर घट गया। उसके फसलों के सूखने की नौबत आ गई। इस परिस्थिति में सकलदीप ने कोठाटोली गांव के युवक जो उनके खेतों में भी काम करते हैं के साथ मिलकर रविवार की सुबह श्रमदान के माध्यम से बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण किया। सहलदीप महतो ने बताया कि सरकार की ओर से उसके खेतों की सिंचाई के लिए सोलर एरिगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन किया गया है। लेकिन नदी में पानी सूख जाने के कारण खेतों में लगे फसलों के भी सूख जाने की संभावना था। इस कारण उसने नदी बचाओ अभियान का हिस्सा बनकर बोरीबांध बनाने का काम किया। बोरीबांध निर्माण में श्रमदान करने वालों में सकलदीप महतो, मंगरा हापदगड़ा, बिरसा पूर्ति, रिमिस टोपनो, जकरियस ढोढ़राय, बिरसा ओड़ेया, मारा ओड़ेया, बुधराम ओड़ेया, बिरसा ढोढ़राय शामिल थे।

# डालसा ने किया उप कारा खूंटी में स्वास्थ्य दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झालसा रांची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डालसा के द्वारा योगा कैंपियन सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि उपकारा में रहने खाने की साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य सिर्फ कैदी के लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, हम सबके लिए स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बहुत पहले से (वर्ल्ड हेल्थ डे) यानी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन हर साल 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मानता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत 7 अप्रैल 1950 में हुई और तभी से ही इस दिन को हर साल नई थीम के साथ मनाया जा रहा है। हमें लंबे और स्वस्थ जीवन जीने के लिए अपने जीवन में योगा को शामिल करना अति आवश्यक है। इसलिए अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ सभी के हेल्थ के लिए हमें आगे आकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते रहना चाहिए बताते चलें कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक के साथ-साथ जेल में कैदियों को योगा भी कराया गया, जिसमें लगभग 150 पुरुष कैदी और 18 महिला कैदियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, डालसा के एल ए डीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, कर पाल प्रभारी शहजाद खान, डालसा के पीएलवी, अंजू कच्छप,देवराज कुमार भगत, नरेश कुमार महतो, जॉर्ज कांस्टेंट धान, योगा मास्टर पीयूष और सोनू कुमार ,उपकार खूंटी के कर्मचारी एवं कैदी उपस्थित रहे।

# ठाकुर गांव थाना परिसर में सरहुल और ईद को ले कर शांति समिति की बैठक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव :** ठाकुर गांव थाना परिसर में सरहुल, ईद और रामनवमी, बैसाखी, पर्व सभी इसी महीने में है। विधि व्यवस्था बेहतर रहे इसको लेकर ठाकुर गांव थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के अध्यक्षता थाना प्रभारी विनित कुमार ने किया। थाना प्रभारी ने कहा की अगर किसी प्रकार का कोई गुंडागर्दी हुई तो हर हाल में जायेगा जेल, इसलिए किसी प्रकार का भड़काऊ भाषण गाना बजा और दंगा हुआ तो इसका जिमेदार जुलूस के अध्यक्ष, सचिव, कोशाअध्यक्ष, को किस भी हल में उसे बक्शा नही जाएगा और उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है, सभी ने अपने अपने क्षेत्रों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर एसआई दिलीप कुमार ने कहा कि रमजान महीना अब खत्म के होने को है, और साथ में सरहुल भी एक साथ है इसके बाद भाई साहब और रामनवमी पर्व है जो इसी महीने में है इसलिए किसी तरह से कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगी तो उस पर तुरंत कार्रवाई होगी, बैठक में एसआई अरविंद कुमार ने कहा की कोई भी बदमाश क्रिमिनल अपराधी या ऐसे व्यक्ति जो मोहल्ले में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करती है तो वह यह ना समझे कि पुलिस उसे नहीं जानती है या नहीं पहचानती है, पुलिस को हर गतिविधियों की जानकारी होती है इसलिए सतर्क रहें। थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि अगर कोई भी मोहल्ले में बस्ती में गुंडागर्दी करता है या विधि व्यवस्था भंग करता है तो वह सोच ले की चुनाव आयोग का सख्त निर्देश है वैसे बदमाश लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में एएसआई सुनील दास, जीप अध्यक्ष मनोज बाजपेई, उप पंचायत समिति कमल मोदी, समाज सेवी, संजय पटेल, समाजसेवी विपुल तिवारी, बींटू लाल,बंटी सिंह, जुनेद अंसारी, सलिम अंसारी, सरना समिति अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, तबाकर अंसारी, जाकिर अंसारी, साबिर अंसारी, कयूम अंसारी, सहित सभी ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का राज्य स्तरीय फिट इंडिया क्विज में अनुकरणीय प्रदर्शन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के मोहम्मद अम्मार अहमद और कक्षा ग्यारहवीं के अभिषेक कुमार आयुष को फिट इंडिया क्विज के प्रारंभिक दौर में अद्भुत प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तरीय दौर के लिए चुना गया। उन्होंने प्रारंभिक दौर में क्रमशः 8वीं और 11वीं रैंक हासिल की। प्रत्येक को 2000 रुपये और स्कूल को 15000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। झारखंड राज्य के 1500 स्कूलों में से 8 स्कूलों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय सेमीफाइनल राउंड में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने प्रथम रैंक प्राप्त किया और फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। राज्य स्तर के फाइनल राउंड में स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को 3500 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और स्कूल को 32500 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का समग्र विकास होता है।

## लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में उड़न दस्ता दल सक्रिय



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। निर्देश दिया गया हैकि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशास को उसकी सूचना दें। संबंधित एफएसटी टीमों द्वारा तोरपा कर्रा मोड अड़की, अड़की, कर्रा, तोरपा, मुरहू के विभिन्न स्थानों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके अलावा निर्देश दिया गया कि किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब वरीय पदाधिकारी को सूचित कर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना है। इस दौरान प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे ङ्क बड़े वाहनों की भी तलाशी कर रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच किया जा रहा है। ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

## शौंडिक भवन में किया गया स्व प्रमोद साहू के चित्र का अनावरण, हुआ समारोह का आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बजार स्थित शिवगंगा शौंडिक भवन में रविवार को शौंडिक जागरण मंच के संस्थापक संरक्षक स्व प्रमोद साहू (पलटु बाबू )के चित्र का अनावरण किया गया। विधी विधान से पुजन कर वैदिक मंत्र के साथ चित्र का अनावरण उनकी पत्नी प्रेमलता साहू व ज्येष्ठ पुत्र रुपेश कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर उनके परिजनों एवं झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रवक्ता बीरेंद्र कुमार साहु, संयोजक उदय साहु, शौंडिक जागरण मंच सिल्ली के संरक्षक निर्मल साहु, कुमुद प्रसाद साहु, रमण साहु, मुकेश साहु, राधेश्याम साहु, सुधीर साहु, राजेश साहु, गणेश साहु, काजल साहु, छाया साहु, सरिता साहु, नीलिमा साहु, मिनी भगत, निलम भगत, मधु भगत समेत अन्य सदस्यों ने प्रमोद साहु के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया तथा 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।सभी ने स्व प्रमोद साहु अमर रहें के नारे भी लगाए । इस मौके आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए रुपेश कुमार साहु ने कहा कि मैं सिल्ली शौंडिक जागरण मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस अवसर पर बधाई देते हुए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि शौंडिक भवन में लगी मेरे स्व पिता की ये तस्वीर सभी का प्रेरिक बने और ऊर्जा से भरे। ये चित्र वो साहस दे, करेज दे, जिसे स्व प्रमोद साहु प्रत्येक व्यक्ति में देखना चाहते थे। ये चित्र हमें समाज के प्रति अगाध समर्पण सिखाए, प्रेम सिखाए जो जीवन का सर्वोच्च संदेश है। वहीं उन्होंने कहा कि ये सिर्फ एक तस्वीर नहीं बल्कि ये समाज के विचार की ऊंचाई का प्रतीक है । उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व प्रमोद साहु के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर साहु ने एवं धन्यवाद ज्ञापन गौतम कृष्ण साहू ने किया। सामुहिक भोजन के पश्चात समारोह का सामपन किया गया। इस मौके पर भुपेन भगत, धीरज साहु, संजय भगत, सुशांत भगत, मनमोहन साहु, कनीलाल साहु, विनोद साहु, राजकुमार भगत, अमृत साहु, ओमप्रकाश साहु, अमर भगत, रुपेश कुमार साहु, श्रीधर प्रसाद गुप्ता, मुरलीधर साहु, रामलाल साहु, सुजीत कुमार साहु, रंजीत साहु समेत मंच के सदस्यगण उपस्थित थे।

## ईद, सरहुल व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी परिसर में रविवार को आगामी होने वाले ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया।बैठक का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया।शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे। सभी ने अपने अपने बातों को रखा और कहा की सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। किसी भी तरह का आपसी विवाद एवं अफवाह ना फैलाएं। किसी भी तरह का अश्लील गाना भड़काऊ गाना नहीं बजाए। मानवता सबसे बड़ा धर्म है और धर्म में राजनीतिक नहीं होनी चाहिए। प्रोटोकॉल के मुताबिक किसी भी धार्मिक जुलूस में पार्टी का झंडा नहीं होना चाहिए अन्यथा पुलिस समिति के ऊपर कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। उक्त बातें मुरी ओपी प्रभारी शांति समिति की बैठक में कही।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, बसरुली पंचायत मुखिया लालू राम उराव, समाजसेवी गोपाल केडिया, कमलनाथ माझी, गोंदुरा उरांव,गोपाल मुंडा, मोहम्मद चांद, सुशील महतो समेत काफी संख्या में शांति समिति के लोग मौजूद थे।

## रेल लाइन को जमीनी स्तर पर लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी : कालीचरण मुंडा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा इन दिनों तमाड़ विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर हैं। मुंडा तमाड़, बुंडू, अड़की के विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। रविवार को रागड़ाबाड़ाग, कुरकुत्ता, सुमानडाड़ी, बारूकाड़े, जिलिंगसेरेंग, नवाडीह, उलीलोहोर आदि दर्जनों गांवो में लोगो से मिल कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने की अपील किये। उन्होने चुनावों में बीजेपी के धनबल के खिलाफ मजबूती से खड़े रहकर जमीनी हकीकत से जनता को वाकिफ कराने का आह्वान किया। कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने वर्तमान सांसद अर्जुन मुंडा पर जमकर आरोप लगाए और कहा कि पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। मुंडा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोधमा-कांड्रा भाया खूंटी तमाड़ रेल लाइन को लेकर कई बार लोगो को झूठा आश्वासन देकर ठगने का काम किया है। भाजपा ने लोधमा-कांड्रा भाया खूंटी तमाड़ रेल लाइन को रेल लाइन निर्माण भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

# भारत-बहिष्कार की सियासत

**समूचे** बांग्लादेश को याद रखना चाहिए कि यदि वह अस्तित्व में है, तो भारत की बदौलत है। 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति का युद्ध भारतीय सेना ने लड़ा था और पाकिस्तान के 90,000 से अधिक फौजियों को आत्म-समर्पण के लिए विवश किया था। मुक्ति-संग्राम के दौरान शेख मुजीबुर्रहमान को भारत ने ही संरक्षण दिया था। जब बांग्लादेश बनने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति शेख मुजीब और परिजनों के कत्ल किए गए थे, तब मौजूदा प्रधानमंत्री हसीना को भी भारत ने ही शरण देकर उनकी जान बचाई थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद बुनियादी, मानसिक और सैद्धांतिक रूप से 'भारतवादी' हैं। वैसे भी ढाका और दिल्ली के सांस्कृतिक और कारोबारी रिश्ते ब्रिटिशकालीन हैं। चूंकि शेख हसीना एक बार फिर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी गई हैं, अवाम ने कट्टरपंथी, दहशतगर्द ताकतों को खारिज कर जनादेश दिया है कि उन्हें जेल में ही सडने दें, लिहाजा भारत पर तोहमतें चस्पा की जा रही हैं कि हसीना को चुनाव जिताने में भारत सरकार की दखल भूमिका रही है। यह सरासर गलत है। भारत ने तो तब भी बांग्लादेश की अंदरूनी सियासत में हस्तक्षेप नहीं किया था, जब वहां सैन्य वर्चस्व बढ़ रहा था। अब विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना का है, लेकिन अभियान 'बॉयकॉट इंडिया' का छेड़ रखा है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार किया जाए, विपक्ष की 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) ने भारत के प्रत्यक्ष बहिष्कार का नकारात्मक आह्वान कर रखा है। यह घोर निंदनीय है। लगता है बीएनपी के नेता और काडर को इतिहास की जानकारी नहीं है और न ही उन्हें बांग्लादेश के अस्तित्व के लिए भारत के आर्थिक और सामरिक सहयोग का एहसास है। वैसे बीएनपी के भारत-बहिष्कार का मुंहतोड़ जवाब प्रधानमंत्री हसीना ने विपक्ष को दिया है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को कहा है कि वे अपनी पत्नियों की साडियां जलाएं। उनकी पत्नियों के पास कितनी साडियां हैं और उन्होंने अभी तक उन्हें आग के हवाले क्यों नहीं किया? प्रधानमंत्री हसीना ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी को चुनौती दी है, जब विपक्षी नेता अपनी पत्नियों की भारतीय साडियां अपने पार्टी दफ्तर के सामने जलाएंगे, तब यह साबित होगा कि वे वाकई भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का गंभीर आरोप है कि जब बीएनपी सत्ता में थी, तो उनके नेता और पत्नियां भारत जाते थे। वहां से साडियां खरीद कर लाते थे और बांग्लादेश में लौट कर साडियां बेचा करते थे। अब बीएनपी नेताओं को भारतीय उत्पादों पर क्या कहना है? दरअसल भारत से गरम मसाला, प्याज, लहसुन, अदरक और लगभग सभी मसाले बांग्लादेश को भेजे जाते रहे हैं। प्रधानमंत्री हसीना का सवाल है कि क्या भारतीय मसाले बीएनपी नेताओं के घरों में नहीं दिखेंगे? अथवा बीएनपी नेता और उनके परिवार इन मसालों के बिना ही भोजन खाएंगे? भारत के ढेरों उत्पाद बांग्लादेश में आते हैं, किस-किस का बहिष्कार किया जाएगा? दरअसल यदि बांग्लादेश चाहे, तो भी भारत का बहिष्कार नहीं कर सकता, क्योंकि वहां भारतीय उत्पादों की भरमार है। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार व्यावहारिक और सैद्धांतिक तौर पर भी अनुचित है। यह संकीर्ण अभियान बीएनपी के एक नेता की स्वार्थी राजनीति के तौर पर छेड़ा गया था, जिसने भारतीय, कश्मीरी शॉल कंधे से उतार फेंका था। 'हैशटैग इंडिया आउट' और 'बॉयकॉट इंडियन प्रोडक्ट्स' के जुमलों की सियासत आखिर क्या है? उसे जनमत तो हासिल नहीं है और न ही व्यापक स्वीकृति मिली है। बेशक बांग्लादेश में भारतीय साडियों के प्रति स्वाभाविक लगाव है। प्रधानमंत्री हसीना को भी ये साडियां खूब पसंद हैं। क्या हसीना-विरोध के लिए बहिष्कार के मुद्दे पर अवाम को उकसाया जा रहा है? इसी तर्ज पर मालदीव चल रहा है। सवाल है कि क्या कोई देश बहिष्कार के आधार पर ही प्रगति कर सकता है?

> 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति का युद्ध भारतीय सेना ने लड़ा था और पाकिस्तान के 90,000 से अधिक फौजियों को आत्म-समर्पण के लिए विवश किया था। मुक्ति-संग्राम के दौरान शेख मुजीबुर्रहमान को भारत ने ही संरक्षण दिया था। जब बांग्लादेश बनने के बाद तत्कालीन राष्ट्र पति शेख मुजीब और परिजनों के कत्ल किए गए थे, तब मौजूदा प्रधानमंत्री हसीना को भी भारत ने ही शरण देकर उनकी जान बचाई थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद बुनियादी, मानसिक और सैद्धांतिक रूप से 'भारतवादी' हैं। वैसे भी ढाका और दिल्ली के सांस्कृतिक और कारोबारी रिश्ते ब्रिटिशकालीन हैं। चूंकि शेख हसीना एक बार फिर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री चुनी गई हैं, अवाम ने कट्टरपंथी, दहशतगर्द ताकतों को खारिज कर जनादेश दिया है कि उन्हें जेल में ही सडने दें, लिहाजा भारत पर तोहमतें चस्पा की जा रही हैं कि हसीना को चुनाव जिताने में भारत सरकार की दखल भूमिका रही है।

### शिक्षकों को उनके काम में ज्यादा सहयोग देने और शिक्षा प्रणाली को अधिक कुशल बनाने के लिए किया जा सकता है

# स्कूल शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

**डा. वरिंद्र भाटिया**

> स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का छात्रों को सीखने में मदद करने के लिए कई अलग-अलग तरीकों से उपयोग किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा में एआई का उपयोग न केवल सीखने की प्रभावशीलता को बढ़ावा दे सकता है और सीखने की प्रक्रिया के दौरान मानव बुद्धि को बढ़ा सकता है, स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से हर बच्चे के लिए इंटेलिजेंट बनने की क्षमता में वृद्धि हो सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से विकसित होती हुई तकनीक है, जो शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में क्रांति ला रही है। इस समय देश में एआई को स्कूली शिक्षा में लागू करने की दिशा में पहल की जा रही है।

**स्कूल** शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग चर्चा का विषय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ है बनावटी (कृत्रिम) तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता, और इसके जरिये कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाता है, जिसे उन्हीं तर्कों के आधार पर चलाने का प्रयास किया जाता है जिसके आधार पर मानव मस्तिष्क काम करता है। तकनीक ने हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का छात्रों को सीखने में मदद करने के लिए कई अलग-अलग तरीकों से उपयोग किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा में एआई का उपयोग न केवल सीखने की प्रभावशीलता को बढ़ावा दे सकता है और सीखने की प्रक्रिया के दौरान मानव बुद्धि को बढ़ा सकता है, स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से हर बच्चे के लिए इंटेलिजेंट बनने की क्षमता में वृद्धि हो सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से विकसित होती हुई तकनीक है, जो शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में क्रांति ला रही है। इस समय देश में एआई को स्कूली शिक्षा में लागू करने की दिशा में पहल की जा रही है। स्कूल शिक्षा में एआई का उपयोग छात्रों के सीखने को बेहतर बनाने, शिक्षकों को उनके काम में ज्यादा सहयोग देने और शिक्षा प्रणाली को अधिक कुशल बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके अनेक फायदे हैं। इसका इस्तेमाल पाठ्यक्रम सामग्री को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। देश के अनेक राज्यों मे छात्रों की रुचियों और सीखने की शैली के आधार पर पाठ्यक्रम सामग्री को उनके अनुकूल बनाने के लिए एआई को इस्तेमाल करने के प्रयास हो रहे हैं। इसकी मदद से छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देने, उन्हें व्यक्तिगत अभ्यास करवाने और सीखने की प्रगति पर मार्गदर्शन करने के लिए किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्कूली शिक्षा के लिए एक शक्तिशाली जरिया हो सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में कुछ चुनौतियां हैं। एआई तकनीक लागू करना फिलहाल महंगा है, इसलिए सभी स्कूलों के लिए इसे अपनाना भी एक चुनौती है। एआई का उपयोग करने वाले शिक्षकों को एआई तकनीकों को सीखने और



उपयोग करने के लिए समय और प्रयास लगाने की भी आवश्यकता है। साथ ही छात्रों की सुरक्षा और गोपनीयता को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। कोई भी तकनीक आप तुरंत किसी के जीवन में ले आते हैं, तो उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पाते। पहले तकनीक के उपयोग के पहलू पढ़ाने चाहिएं। बच्चों को और शिक्षकों को समझाया जाना चाहिए कि इस तकनीक को सेहतमंद तरीके से कैसे इस्तेमाल करना चाहिए। इसलिए जरूरी है कि एआई को स्कूली पाठ्यक्रमों में लाने की हड़बड़ी नहीं दिखानी चाहिए। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे किया जाए, यह सीखने की चुनौती छात्रों और शिक्षकों के लिए है। ज्यादातर मामलों में, समस्या यह है कि शिक्षकों को अपनी कक्षाओं में नई तकनीक का उपयोग करने के बारे में प्रशिक्षित नहीं किया जा रहा है। इसके लिए कौन पहल करेगा? क्यों न स्कूलों में दिए जाने वाले यूनिफॉर्म और मिड-डे-मील की तर्ज पर छात्रों को और शिक्षकों को भी, शैक्षणिक उपयोग के लिए, टैबलेट या कंप्यूटर दिए जाएं। इससे गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि वाले स्कूल छात्र भी रिकॉर्डेड वीडियोज से पढ़ाई कर पाएंगे और उनके बस्ते का वजन भी घटेगा। इसके अलावा छात्रों और शिक्षकों का अनुपात सुधरेगा। साथ ही, छात्रों को एआई जैसी तकनीकों के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा। एआई का एक फायदा यह है कि आप स्टडी मैटीरियल को अपने हिसाब से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके डिफिकल्टी लेवल को आप अपनी समझ के हिसाब से सेट कर सकते हैं। कई बार नोट्स से लेकर बाकी स्टडी मैटीरियल तक इतना फैला और फंसा और उलझा होता है कि उसे शॉर्ट करके ठीक से अरेंज करने में ही बहुत समय चला जाता है। आप इसे भी यहां ठीक से, क्रम के मुताबिक अरेंज कर सकते हैं। शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस समय एक विवादास्पद विषय भी है। कई विद्वानों का तर्क है कि एआई शिक्षकों की जगह ले लेगा और शिक्षा के मानवीय तत्व को छीन लेगा। यह ठीक नहीं है बावजूद इसके, एआई में स्कूली शिक्षा के वर्तमान और भविष्य को बदलने की बेहतरीन क्षमता है। दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षा जैसी गैर-पारंपरिक शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने में एआई उपयोगी साबित होगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को भी स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शिक्षा के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में, एआई एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रही है, जो छात्रों के सीखने और शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। बड़ी मात्रा में डेटा को संसाधित करने, व्यक्तिगत सीखने की जरूरतों के अनुकूल होने और शिक्षण पद्धतियों को बढ़ाने की अपनी क्षमता के साथ, एआई अभूतपूर्व तरीकों से शिक्षा को नया आकार दे रही है। वैयक्तिकृत शिक्षण अनुभवों से लेकर बुद्धिमान शिक्षण प्रणालियों तक, वर्तमान और भविष्य की शिक्षा पर एआई का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। एआई शिक्षा को गहन तरीकों से बदल रहा है, व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव प्रदान कर रहा है, शिक्षकों को सशक्त बना रहा है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे हम शिक्षा में एआई के उभरते परिदृश्य को देखते हैं, तकनीकी प्रगति और प्रभावी शिक्षण और सीखने के लिए आवश्यक मानवीय स्पर्श को संरक्षित करने के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। एआई की क्षमता का जिम्मेदारी से उपयोग करके, हम एक ऐसे शैक्षिक परिदृश्य को आकार दे सकते हैं जो वास्तव में सभी शिक्षार्थियों के लिए समावेशी, अनुकूली और सशक्त है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के जरिए छात्रों-विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को समझते हुए उनके लिए जरूरी और सटीक पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। कोई छात्र कैसे सीख पा रहा है, इस पर गहन अध्ययन के आधार पर उनके लिए मॉडल बना कर सिखाने का नया पैटर्न विकसित किया गया है। वास्तव में यह एक क्रांति की तरह है, जिससे हर दिन लाखों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

दृष्टि कोण

# ट्यूनश-कोचिंग जरूरी या मजबूरी

**देश** की शिक्षा व्यवस्था में अंग्रेजी माध्यम का वर्चस्व तथा शिक्षा का निजीकरण होने के कारण कई वर्षों से बच्चों की पीठ पर शैक्षिक बोझ बढ़ चुका है। अंग्रेजी माध्यम की महंगी पढ़ाई व होमवर्क तथा ट्यूशन के बढ़ते मानसिक तनाव से छात्रों का बचपन व मासूमियत कहीं खो गए हैं। ट्यूशन व कोचिंग कल्चर से एक गंभीर मुद्दा बन चुकी शिक्षा के तनाव से छात्रों के चेहरे का नूर व तवस्सुम गायब हो चुके हैं। दरअसल शिक्षा अधिनियम 1835 के जरिए लार्ड मैकाले ने भारतीय शिक्षा पद्धति पर जो दबाव बनाया था, उसका परिणाम देश की करोड़ों प्रतिभाएं भुगत रही हैं। वर्तमान में बड़े पूंजीपति व कारोबारी लोग निजी तौर पर स्कूलों से लेकर महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों का संचालन करके देश की शिक्षा व्यवस्था पर कब्जा जमा चुके हैं। ट्यूशन व कोचिंग इंडस्ट्री का वार्षिक कारोबार कई हजार करोड़ रुपए का है। अभिभावक अपने बच्चों को आईपीएस, आईएएस, राजस्व अधिकारी व डाक्टर बनाने की चाहत में कोचिंग सेंटरों में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की फीस अदा कर रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा के आकर्षण से बच्चों को अंग्रेज बनाने की ख्वाहिश तथा परीक्षाओं में अंकों की चाहत के चलते देश में ट्यूशन व कोचिंग कल्चर की मांग बढने से शिक्षा का व्यापारीकरण शुरू हुआ। छात्रों पर बस्ते का बोझ बढ़ता गया। मासूमों पर बस्ते के बोझ को लेकर देश में कई वर्षों से चिंता जाहिर की जा रही है। सन-1977 में 'ईश्वर भाई पटेल' की अध्यक्षता वाली समिति ने बस्ते का बोझ कम करने के लिए शिक्षा मंत्रालय को पहली बार रिपोर्ट पेश करके देश का ध्यान आकर्षित किया था। देश के मशहूर लेखक व राज्यसभा सांसद आरके नारायण ने सन 1991 में राज्यसभा में अपने पहले ही भाषण में बच्चों पर बस्ते के बोझ को लेकर चिंता जाहिर की थी। आरके नारायण का शिक्षा पर केंद्रित वो वक्तव्य देशव्यापी चर्चा का केन्द्र बना। नतीजतन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय हरकत में आया तथा छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों पर स्कूल बैग का बोझ कम करने के मकसद से मार्च 1992 में प्रोफेसर 'यशपाल' की अध्यक्षता में देश के आठ शिक्षाविदों की समिति गठित की गई। डा. यशपाल समिति ने 'बस्ते का बोझ' नामक रिपोर्ट में कहा था कि 'बच्चों के लिए स्कूली बस्ते के बोझ से ज्यादा बुरा है जो पढ़ाया जाता है, उसे न समझ पाने का बोझ'। सन-2012 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने माना था कि भारी स्कूल बैग के कारण छोटे बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। कोचिंग कल्चर पर लगाम लगाने के लिए भी सरकारें कई फरमान जारी कर चुकी हैं। सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए कोचिंग की मनाही है। मगर अंग्रेजी माध्यम के कारण एक बड़े बिजनेस का रूप ले चुकी शिक्षा व्यवस्था पर न्यायालयों के आदेशों व समितियों के सुझावों का कोई असर नहीं होता। महंगी फीस वसूल कर हर निजी शिक्षण संस्थान छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के दावे जरूर करते हैं, लेकिन इसके बावजूद लाखों छात्र ट्यूशन व कोचिंग सेंटरों की शरण में जाने को मजबूर हैं। बेशक बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को अपने उज्ज्वल भविष्य की तलाश में शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए कोचिंग का सहारा लेना पड़ रहा हैं, परंतु हकीकत यह है कि निजी शिक्षण संस्थानों में महंगी फीस अदा करने के बाद ट्यूशन व कोचिंग संस्थानों में जाने से छात्रों का आत्मविश्वास प्रभावित हो रहा है। ज्यादातर छात्रों के जहन में बात बैठ चुकी है कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए बिना कोचिंग से वे सक्षम नहीं होंगे। नतीजतन छात्रों में मानसिक तनाव व परीक्षाओं में असफलता के बाद आत्महत्या की प्रवृत्ति पैदा हो रही है। निजी शिक्षण संस्थानों में गाडियों की सुविधा से छात्रों में शारीरिक गतिविधियां कम हो चुकी हैं। ट्यूशन व कोचिंग के बढ़ते प्रचलन से खेलकूद प्रतियोगिताओं का दायरा भी सीमित हो चुका है। सैन्य बलों में सामान्य सेवा के तौर पर भर्ती होने के इच्छुक नौजवान भी कोचिंग के मकडजाल में फंस चुके हैं। युवाओं को सशस्त्र बलों में भर्ती कराने के नाम पर देश में सैकड़ों कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। युवाओं को सैन्य बलों के प्रति आकर्षित करने के लिए कई भ्रामक विज्ञापन जारी किए जाते हैं। हैरत की बात है कि जिन लोगों का सैन्य बलों से दूर तक कोई नाता नहीं रहा, जो खुद सैन्य मापदंड प्रक्रिया को पूरा करने में असमर्थ हैं, ऐसे लोग भी कई कोचिंग अकादमियों का संचालन करके युवा वर्ग को सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी बनने का ख्वाब दिखाकर महंगी फीस वसूल रहे हैं। यह सब अंग्रेजी तालीम का करिश्मा है। हिंदी व मातृभाषाओं के माध्यम में ट्यूशन व कोचिंग की जरूरत नहीं होती। यदि देश में करोड़ों छात्र सरकारी स्कूलों से विमुख होकर निजी शिक्षण संस्थानों का रुख कर रहे हैं, अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को जरूरत से ज्यादा तवज्जो देने से छात्रों की पीठ पर स्कूल बैग का भार बढ़ चुका है। निजी शिक्षण संस्थान, ट्यूशन व कोचिंग छात्रों के लिए जरूरी व मजबूरी बन चुके हैं।

कुछ अलग

# टाइम पास बन गया है सोशल मीडिया

**वर्ष** 2010 में जो सोशल मीडिया आशाओं-उम्मीदों का प्रतीक बनकर उभर रहा था, वह 2020 आते-आते फेक न्यूज और लोगों के राजनीतिक विचारों को प्रभावित करने जैसे आरोपों का शिकार हो गया। महज दस साल में ही लोग अब सोशल मीडिया पर अपनी राय पोस्ट करने से परहेज करने लगे हैं। पोस्ट करने से आशय टेक्स्ट, इमेज फॉर्म में अपने आपको अभिव्यक्त करने से है। लोग लॉग इन तो करते हैं, पर बहुत कम लोग ही पोस्ट कर रहे हैं। लोग प्रतिदिन लगभग दो घंटे इंस्टाग्राम, फेसबुक या एक्स जैसे सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए समय बिताते हैं, लेकिन उनकी आखिरी पोस्ट एक साल पहले की होती है। कभी-कभी लोग स्टोरी जरूर शेयर करते हैं, लेकिन वह चौबीस घंटे बाद गायब हो जाती है। किसी तरह के विवाद से बचने के लिए लोग अब यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि इस बात पर झगड़ने की जरूरत नहीं है कि किसने किसे वोट दिया या कोई क्या सोचता है। अब वे आमने-सामने या समूह चैट को प्राथमिकता देते हैं, जिसे 'निजी नेटवर्किंग' कहा जा रहा है। उपयोगकर्ताओं के सर्वेक्षण और डाटा-एनालिटिक्स फर्मों के शोध के अनुसार, अरबों लोग सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, पर वे कम पोस्ट कर रहे हैं और ज्यादातर निष्क्रिय अनुभव का आनंद ले रहे हैं। वे अब भी लोगों की सोशल मीडिया फीड देखने या रील देखने में समय बिता रहे हैं, लेकिन वे अब अपनी राय रखने में उतने सक्रिय नहीं रहे हैं। यानी यह टाइम पास करने का जरिया बन चुका है, डाटा-इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की अक्तूबर रिपोर्ट में, सोशल-मीडिया अकाउंट वाले 61 प्रतिशत वयस्क अमेरिकी उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जो पोस्ट करते हैं, उसके बारे में ज्यादा चयनात्मक हो गए हैं, यानी अब लोग क्या पोस्ट करना है, उसके बारे में सोचने लग गए हैं। भारत भी अपवाद नहीं है। भले ही अपने विशाल सोशल मीडिया यूजर बेस के कारण यहां ऐसा नहीं दिखता, पर अब लोग सोशल मीडिया पर कम पोस्ट शेयर कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। इस शोध के हिसाब से लोग मानने लगे हैं कि वे जो सामग्री देखते हैं, उसे नियंत्रित नहीं कर सकते। वे अपने जीवन को ऑनलाइन साझा करने के प्रति भी अधिक सुरक्षात्मक हो गए हैं और उन्हें अपनी निजता की भी चिंता होने लगी है। सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स की बढ़ती संख्या के कारण भी लोगों का मजा किरकिरा हुआ है। यह सोशल मीडिया कंपनियों के व्यवसाय के लिए खतरा है। उपयोगकर्ताओं के ज्यादा से ज्यादा शेयर करने के कारण ही वे दुनिया की सबसे शक्तिशाली कंपनियों और प्लेटफार्मों में से एक बन गए हैं। मजेदार बात यह है कि इनमें से कोई भी कंपनी कोई उत्पाद नहीं बनाती है, फिर भी ये दुनिया की बड़ी और लाभकारी कंपनियां बन गई हैं। जाहिर है, लोगों के कुछ कहने की आदत के कारण यानी सिर्फ यूजर जेनरेटेड कंटेंट के कारण ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। भारत में बेशक अभी अमेरिका जैसी स्थिति नहीं है, पर लोग अपनी निजता की सुरक्षा के लिए सब कुछ सोशल मीडिया पर डालने की मानसिकता से किनारा कर रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण सोशल मीडिया एकाउंट का उपयोग मार्केटिंग और ब्रांडिग के लिए किए जाने के अलावा मीडिया लिट्रेसी का प्रचार-प्रसार भी है। वैसे भी सोशल मीडिया पर आते ही उपभोक्ता डाटा में तब्दील हो जाता है। इस तरह देश में हर सेकंड असंख्य मात्रा में डाटा जेनरेट हो रहा है, जिसका फायदा इंटरनेट के व्यवसाय में लगी कंपनियों को हो रहा है। आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया से भारत में कितने रोजगार पैदा हुए, इसका उल्लेख नहीं मिलता, क्योंकि ये सारी कंपनियां इनसे संबंधित आंकड़े सार्वजनिक नहीं करतीं।

देश दुनीया से

# भीषण युद्ध और तख्त बदलते देखे गुरुराम राय के झण्डे ने

> गुरुराम राय दरबार में आरोहण के साथ ही झण्डा साहिब एक बार फिर पूरी शानों-शौकत से लहरा गया। यह ऐतिहासिक झण्डा न केवल देहरादून में गुरु रामराय के डेरे की स्थापना का प्रतीक है बल्कि देहरादून के जीवनकाल के 348 सालों के इतिहास का भी जीता जागता गवाह है। इन सैकड़ों सालों में इस झण्डे ने गढ़वाल नरेश की शहादत के साथ ही गोरखों के राज और फिर गोरखों के पतन के साथ ही अग्रेजों की हुकुमत भी देखी है। उदासीन संप्रदाय का यह परचम उत्तराखण्ड आन्दोलन के बाद नए राज्य के जन्म का गवाह बना। उत्तराखण्ड की अस्थाई राजधानी स्थित गुरु रामराय दरबार में होली के पांचवें दिन दरबार के दसवें महन्त देवेन्द्र दास द्वारा झण्डारोहण के साथ ही उत्तर भारत का विख्यात झण्डा मेला भी शुरू हो गया।

**उदासीन** पन्थ की परम्परानुसार होली के ठीक पांचवें दिन गुरुराम राय दरबार में आरोहण के साथ ही झण्डा साहिब एक बार फिर पूरी शानों-शौकत से लहरा गया। यह ऐतिहासिक झण्डा न केवल देहरादून में गुरु रामराय के डेरे की स्थापना का प्रतीक है बल्कि देहरादून के जीवनकाल के 348 सालों के इतिहास का भी जीता जागता गवाह है। इन सैकड़ों सालों में इस झण्डे ने गढ़वाल नरेश की शहादत के साथ ही गोरखों के राज और फिर गोरखों के पतन के साथ ही अग्रेजों की हुकुमत भी देखी है। उदासीन संप्रदाय का यह परचम उत्तराखण्ड आन्दोलन के बाद नए राज्य के जन्म का गवाह बना। उत्तराखण्ड की अस्थाई राजधानी स्थित गुरु रामराय दरबार में होली के पांचवें दिन दरबार के दसवें महन्त देवेन्द्र दास द्वारा झण्डारोहण के साथ ही उत्तर भारत का विख्यात झण्डा मेला भी शुरू हो गया। यह मेला न केवल देहरादून में गुरु राम राय के डेरे की स्थापना की जयन्ती है बल्कि देहरादून शहर की स्थापना का भी समारोह है जिसका दूनवासी सालभर से इन्तजार करते हैं। इसने देहरादून के खुड़बुड़ा में रामराय के डेरे की स्थापना के बाद की तीन सदियों में कई उतार चढ़ाव और कई तख्त बदलते देखे हैं। इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत उत्तर भारत के उदासीन पंथ श्रद्धालु हजारों की संख्या में एकत्र होकर विशालकाय पवित्र झंडा जी के आरोहण के साक्षी बनने के साथ ही झंडे पर वस्त्र और भेंट चढ़ाते हैं। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार औरंगजेब के दरबार में हाजिर होने पर अपने पिता और सिखों के सातवें गुरु हर राय द्वारा घर से बेदखल किए जाने पर जब राम राय घर छोड़ कर नए ठिकाने के लिए यात्रा पर निकले थे तो वह लाहौर पहुंचे और वहां से अवध और आगरा होकर देहरादून के खुड़बुड़ा में ठहरे। इस दरबार की स्थापना बाबा राम राय ने 17वीं शताब्दी के मध्य में तब की थी, जब उन्हें मुगल बादशाह औरंगजेब के सामने अपने पवित्र ग्रंथ में एक शब्द की समुदाय द्वारा अस्वीकृत व्याख्या करने के लिए निर्वासित होना पड़ा था। माना जाता है कि औरंगजेब के हमले से बचने के लिए उसके समक्ष अपने ग्रंथ में उल्लिखित ''मुसलमान'' शब्द को बदल कर 'आस्था विहीन' कर दिया था। इतिहासकारों के अनुसार औरंगजेब से अच्छे संबंधों के चलते उन्हें इस स्थान पर गढ़वाल नरेश से जमीन आदि सुविधाएं मिली। गुरुराम राय दरबार परिसर में मुगलकालीन स्थापत्य आज भी देखा जा सकता है। बाद में उन्होंने आचार्य श्रीचन्द के शिष्य बालू हसना से उदासीन पन्थ की दीक्षा ली और यहीं तपस्या करने लगे। कहा जाता है कि गुरु राम राय ने इसी दिन चैत्र माह की पंचमी को सन-1676 में वर्तमान झण्डा साहिब के स्थान पर झण्डा गाढ़ कर अपना डेरा जमा दिया था। बाद में औरंगजेब ने गढ़वाल नरेश फतेहशाह को राम राय को हर सम्भव मदद करने का आदेश दिया। इस मुगल फरमान पर राजा ने गुरु राम राय को 7 गांव जागीर में दिए। ये 7 गावं आज एक महानगर देहरादून के रूप में विकसित हो गए। ऐसा माना जाता है कि गुरु राम राय के इस डेरे से देहरादून का नामकरण हुआ। 'दून' घाटी में 'डेरा' यानि कि शिविर होने से इस स्थान का नाम ''डेरा दून'' पड़ा जो कालान्तर में देहरादून हो गया। कुछ विद्वान इसका नाम द्रोणाचार्य की तपस्थली के रूप में मानते हैं, इसीलिए इस अवसर को लोग देहरादून का जन्मदिन भी मानते हैं। मंदिर का केंद्रीय परिसर बाबा राम राय की मृत्यु के बारह साल बाद 1699 में पूरा हुआ और संपूर्ण संरचनात्मक कार्य 1703 और 1706 के बीच समाप्त हो गया। माना जाता है कि अलंकरण और पेंटिंग का काम संरचनात्मक पूरा होने के बाद भी लंबे समय तक जारी रहा। बाबा राम राय की पत्नी माता पंजाब कौर ने निर्माण कार्य की देखरेख की और 1741-42 में अपनी मृत्यु तक दरबार के मामलों का प्रबंधन किया। गुरु रामराय महाराज ने 1699 में धामावाला में झंडा दरबार की स्थापना की। यह मुगल वास्तुकला की अनूठी प्रतिकृति है, जिसे 1707 में उनकी चार में से सबसे छोटी पत्नी पंजाब कौर ने भव्यरूप प्रदान किया। चित्रकार की अनूठी कृति दरबार साहिब के महराबों पर अंकित फूल-पत्तियां, पशु-पक्षी, वृक्ष, ऊंची नासिका वाले एक जैसे चेहरे, बड़े नेत्र और उनकी रंग योजना कांगड़ा-गुलेर और मुगल शैली के मिश्रण हैं। ऊंची मीनारें और गोल बुर्ज मुस्लिम वास्तुकला के ऐसे नमूने हैं।



आप का नजरीया

# पर्यटन की आस्था

**अभी** नवरात्रि आगमन की सूचना भर ही थी कि श्रद्धालुओं ने ज्वालामुखी मंदिर की व्यवस्था को निकम्मा साबित कर दिया। सप्ताहांत पर्यटन की शुमारी में बड़े मंदिर के दर्शन छोटे हो गए, तो उस दावे को पलीता लग गया जो हिमाचल में पांच करोड़ पर्यटकों का इंतजार कर रहा है। हम कारणों को समझे बिना व्यवस्था-व्यवस्था चिल्लाते हैं, जबकि न तो योजना की परिकल्पना और न भविष्य की संरचना में कुछ हो रहा है। सारे पर्यटन की मुट्ठी में होटलों को भरने की कोशिश इस कद्र हावी है कि सत्ता का हर पक्ष भी सरकारी होटलों में अपना नाम देखता है। हर सत्ता की निगाह में मंदिर आए जरूर, लेकिन कमाई के भोजपत्र पर सरकारी घोषणाओं का कब्जा होता रहा। मंदिर तब तक भवन थे, जब तक श्रद्धालु पर्यटक नहीं थे। अब वे पर्यटक ज्यादा, श्रद्धालु कम हैं। हिमाचल के बड़े मंदिरों के दर्शनार्थी बढ़ गए, लेकिन दर्शन बड़े नहीं हुए। कारण जितने ज्वालाजी में हैं, उतने ही चिंतपूर्णी, दियोटसिद्ध या किसी अन्य मंदिर परिसर में होंगे। हमने दक्षिण भारतीय मंदिरों का अध्ययन करने के लिए खर्च तो उठाया, लेकिन रिपोर्ट बनाकर भी सीखा कुछ नहीं। ऐसे में सवाल मंदिर परिसर की अफरा-तफरी तक ही नहीं, बल्कि सडक से हर सफर तक देखे जाते हैं। हम पर्यटन की तमाम घोषणाओं और परियोजनाओं में बड़ी मंजिलों का गुणगान सुनते हैं, लेकिन यह अभी नहीं जान पाए कि हिमाचल में करीब अस्सी फीसदी सैलानी या तो मंदिर यात्री के रूप में आए या धार्मिक पर्यटन ने इन्हें डेस्टिनेशन टूरिज्म तक पहुंचा दिया। न पर्यटन के सेतु देखे गए और न ही यह प्रयास हुआ कि किस तरह धार्मिक स्थलों को आर्थिकी का स्थायी स्तंभ बनाया जाए। कल अगर सरकार को सैलानियों की तादाद में पर्यटन देखना है, तो सर्वप्रथम मंदिर परिसर और धार्मिक शहरों का मास्टर प्लान एवं गवर्निंग बाडीज स्थापित करनी होगी। मंदिर पर्यटन को धार्मिक पर्यटन का आकार देना तभी संभव होगा, यदि इसके लिए एक केंद्रीय मंदिर ट्रस्ट तथा मंदिर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मंदिर आय के सही इस्तेमाल को अगर तरजीह व अनुशासित निगाह मिले, तो इससे न केवल वांछित व शहरी विकास, बल्कि आर्थिकी का संचार भी होगा। सवाल परिक्रमा का नहीं, बल्कि परिदृश्य को बदलने का है। मंदिरों की शक्ति में पर्यटन की अहमियत को स्वीकार करें, तो योजनाओं के किरदार बदलेंगे। अब तक मंदिर आय पर सियासी तथा प्रशासनिक दृष्टि केवल दोहन भर की रही है, जबकि इन्हें सर्किट के रूप में विकसित करना होगा। आय-व्यय के कुचक्र में मंदिरों में न तो प्रशासनिक सुधार हुए और न ही क्षमता का विस्तार किया गया। उदाहरण के लिए ज्वालाजी मंदिर को अगर धार्मिक केंद्र के रूप में निखारना हो तो व्यापक शहरी विकास योजना का खाका बनाना पड़ेगा। मंदिर परिसर का क्षेत्रफल आठ से दस किलोमीटर तक सुव्यवस्थित करते हुए पार्किंग, मनोरंजन, व्यापारिक तथा धार्मिक मान्यताओं से जुड़े स्थलों को एक साथ नत्थी किया जा सकता है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

## इंडिया अलायंस के उम्मीदवार को लेकर संशय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थानीय उम्मीदवार के रूप में चतरा के नेता कालीचरण सिंह के नाम की घोषणा कर दी है, वे चुनावी मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इंडिया अलायंस में सीट समझौते को लेकर अस्पष्टता के कारण इसका नकारात्मक असर पड़ता दिख रहा है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह लोकसभा के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में तूफानी दौरा कर अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इंडिया अलायंस के प्रत्याशी को लेकर कार्यकर्ताओं व नेताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसका असर आम मतदाताओं पर भी पड़ता दिख रहा है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, आगामी लोकसभा चुनाव में 16 लाख 66 हजार 786 मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देंगे। ऐसे में बीजेपी के एकमात्र उम्मीदवार कालीचरण सिंह फिलहाल चुनाव मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। स्थानीय होने के नाते बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह का हर जगह जोरदार स्वागत हो रहा है। मालूम हो कि चतरा लोकसभा की अधिसूचना 26 अप्रैल 2024 को जारी होगी. नामांकन की आखिरी तारीख 03 मई 2024 होगी. सकुर्तिनी 4 मई को आयोजित किया जाएगा। 06 मई 2024 नाम वापस लेने की तारीख है। मतदान की तिथि 20 मई 2024 ई. है। वोटों की गिनती 04 जून 2024 को होगी।

## ईद व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद एवं सरहुल पर्व को शांति एवम् सौहार्दपूर्ण मानने को लेकर रविवार को टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव एवं संचालन अंचलाधिकारी राजेंद्र दास ने किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों से ईद एवं सरहुल पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति पूर्वक मनाने का अपील किया है। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर श्री उरांव ने कहां है कि, त्योहार में किसी भी तरह से खलल पैदा करने वाले व्यक्ति को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन के द्वारा उपद्रव पैदा करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सुबेश राम, उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, तेलियाडीह मुखिया महावीर साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य दुलारचंद साहू, सहित प्रखंड क्षेत्र के कई गण्यमान एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने भाजपा जिला अध्यक्ष से किया शिष्टाचार मुलाकात



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यालय मे रविवार को जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के साथ भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने शिष्टाचार मुलाकात किया। इस अवसर पर भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष के द्वारा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के सभी सदस्यो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, पूर्व सैनिक मिथलेश पाण्डे (जिला संयोजक) उपकार सिंह, बिनय सिंह, अरुण सिंह, आशुतोष सिंह, मोहन कुमार साहा, सुरेश मिंज, अनिल पाठक, ओम प्रकाश उपाध्याय उपस्थित थे।

## भाकपा प्रत्याशी अर्जुन कुमार ने मयूरहंड के दर्जनों गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चतरा लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन कुमार मयूरहंड थाना क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान श्री अर्जुन कुमार उक्त गांवों के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और अपने मन की बातों को साझा किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान अर्जुन कुमार ने लोगों से कहा कि देश महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। हिंदुस्तान में महंगाई और युवाओं की बेरोजगारी से भाजपा सरकार को कोई लेना-देना नहीं है।श्री कुमार ने कहा कि तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए और हिंदुस्तान के सवा सौ करोड की आबादी को न्याय दिलाने के लिए भाकपा का समर्थन करें। जनसंपर्क अभियान के दौरान गिद्धौर प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य बालेश्वर दांगी राजेंद्र प्रसाद उर्फ डा. राजू, ढोढ़ी,मधनियां में संक्षिप्त बैठक में इनके साथ समाजसेवी डा बाबूलाल उर्फ वासुदेव दांगी कृषक बाबूलाल दांगी विजय दांगी, सिकंदर मेहता अनिल दांगी उमेश उर्फ अभिषेक कुमार वीरेंद्र कुमार वर्मा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## उद्घाटन के बाद शोभा बनकर रह गई सर्वजानिक शौचालय
## सूखे चापानल में डाला गया पाईप, आज तक टंकी में पानी नही भरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** सरकार आज भले ही खुले में शौच नही करने के दावा कर रही है। खुलें में शौच रोकने के लिए सरकार सभी के घरो में शौचालय का निर्माण कर रही है। लेकिन फिर भी लोगो को शौचालय का लाभ नही मिल रहा है। कुछ ऐसे की मामला प्रकाश में आया है, प्रखंड कार्यलय के सामने स्थित हाट बाजार में बने सार्वजनिक शौचालय की है, हॉट बाजार में लगभग तीन वर्ष पूर्व सर्वजानिक शौचालय बनाया गया था। लेकिन आज तक शौचालय का ताला नही खुला, ना ही लोगो को लाभ मिला, निर्माण के बाद से ही शौचालय ताला बंद है।शौचालय बंद रहने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर महिलाओ को काफी दिक्कते होती है। मुख्य बाजार में महिलाओ की सुविधा के लिए एक भी सर्वजानिक शौचालय भवन नही है बाजार में आने वाली महिलाए शौचालय के इधर-उधर जाना पड़ता है।हालंकी देखरेख के अभाव में शौचालय भवन अब खराब होनी की कागार पर है। मालूम हो की स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए प्रतापपुर हॉट बाजार में सर्वजानिक शौचालय बनाया गया था। लेकिन लाभ नही मिलने से स्थानीय एवं राहगिरो में काफी नाराजगी है।

**सूखे चापानल में डाला गया पाईप**

हॉट बाजार में बने सर्वजानिक शौचालय में पानी की सुविधा को लेकर बोरिंग कर टंकी बैठाया गया है। और शौचालय में पानी देना था। लेकिन संवेदक द्वारा सूखे चपानल में पाईप डाल दिया गया। जिसे आज तक पानी की सुविधा भी नही मिली है। टंकी सिर्फ नाम मात्र के बैठाया गया है। यह शौचालय वर्ष 2018-19 में जिला परिसर के 15 वित्त फंड से बनाया गया था। इस संबंध में संवेदक प्रदीप यादव से पुछने पर बताया की प्रतापपुर हॉट बाजार में सर्वजानिक शौचालय जिला परिषद विभाग के द्वारा बनाया गया था। जिसकी प्रक्कलन राशि लगभग पांच लाख था। शौचालय पूर्ण के बाद उनके जिम्मेवारी को लेकर प्रतापपुर निवर्तमान को चाभी शौप दिया गया था।

## ईद व रामनवमी त्योहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक संपन्न, कई बिंदुओं पर हुआ चर्चा

### अश्लील व अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में रविवार को ईद एवं रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक प्रखंड प्रमुख अनिता यादव के अध्यक्षता में की गई।संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान इंस्पेक्टर पप्पू कुमार सहाय सोनी खलको उपस्थित थे। जहां उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र से कई जानकारियां बताएं। जिसे लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने हर संभव मदद करने की बात कही। उपस्थित लोगों के बीच गिद्धौर प्रखंड पंचायत गांव के अनुभवी व्यक्ति काशीराम दांगी ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार में झांकी प्रस्तुति 1952 ई से शांति पूर्ण तरीके से किया जा रहा है। और यहां किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं होती है। आगे अफवाह फैलाने वालों अश्लील डीजे बजाने वाले समाज को गंदा करने वाले पर प्रशासन की पहली नजर रहेगी। तथा प्रशासन ने सरकार की गाइडलाइन के बारे में लोगों के बीच जानकारी दिया। साथ ही साथ लोगों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की बात परशासन ने किया है।ताकि कहीं भी बेवजह किसी भी प्रकार का हुड़दंग ना हो। मौके पर उपस्थित पंसंसं रहती परवीन मुखिया जगदीश यादव निर्मला देवी जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुख्य प्रतिनिधि बसंत सिंह ब्राह्मण समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय परमेश्वर डांगी उपमुखिया मंजू देवी देवदीप पासवान प्राणेश गुप्ता संजय तिवारी हकीम मियां अर्जुन डांगी मोहम्मद मेराज निरंजन प्रजापति जसवंत डांगी निसरूद्दीन अब्दुल हकीम अंसारी निरंजन दांगी एवं प्रखंड से दर्जनों गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अखाड़ा के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।

## सरहुल पर्व के कार्यक्रमों की रूप रेखा तय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रकृति पर्व सरहुल को भव्य तरीके से मनाने के लिए रविवार को कुसुम टोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में हरिकुमार भगत की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को आदिवासी समुदाय का महापर्व सरहुल को भव्य तरीके से मनाने के लिए आयोजन समिति के द्वारा कार्य का बंटवारा किया गया। जिसमें अलग अलग कार्य के लिए बिनेश्वर उरांव, भुटू उरांव, करमा मुण्डा, सुरेश नाथ लोहरा, श्याम उरांव, शंकर भगत, राजेंद्र भगत, दिलीप भगत, नारायण भोगता, चंद्रदेव उरांव पाहन, चंद्रदेव उरांव, समेत कई लोगों को सरहुल कार्य की जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर चंद्रदेव उरांव ग्राम प्रधान जोबिया, कृष्णा उरांव, प्रदीप उरांव, राजेश उरांव, लालबिहारी उरांव, सचिव मंजय उरांव, कोषाध्यक्ष विनोद उरांव, रूपेश उरांव, राजेंद्र भगत, अनुप बड़ाईक, बीरबल भगत, अनिल उरांव, राजेश उरांव, विनोद उरांव समेत दर्जनाधिक लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्यशी कालीचरण का चला जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह का बरवाडीह मंडल में आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस दौरान सिंह ने लोक सभा मे जीत सुनिश्चित करने के लिए बरवाडीह मंडल क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाना शुरू कर दिया है। वहीं उन्होंने छिपादोहार, कुटमू, पोखरी कला, सरईडीह, बेतला, गढ़वा टॉड समेत विभिन्न क्षेत्रो के जनता से समर्थन मांगा। इसके पूर्व उन्होंने देश के धरोहर कुटमू चौक पर स्थित राजा मेदिनीराय बरवाडीह में शहीद भगत सिंह डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर , विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बरवाडीह के पहाड़ी मंदिर , शिव मंदिर, गढ़वा टॉड दुर्गा मंडप में पूजा अर्चना की। मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित देश बनाकर नयी ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। नरेंद्र मोदी जो बोलते है वो करते है। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनो को आधुनिक और सुंदर बनवाया है। गरीबो के लिए कल्याणकारी योजना लाभ देकर उनके आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। शुद्ध पेयजलापूर्ति योजना के तहत हर घर जल नल ,आयुष्मान योजना से पांच लाख तक फ्री ईलाज जैसे अनेक सुविधाएं मिल रही है।नरेंद्र मोदी दे रहे है। मौके पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, वरिष्ठ बिनय कुमार सिंह, संतोषी शेखर, नेत्री मंजू सिंह, सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, नीरज कुमार सिंह वीरेंद्र जयसवाल ,मनोज प्रसाद, समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आजसू पार्टी के संगठनात्मक बैठक का आयोजन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रखंड के गढ़वाटाड़ में आजसू प्रखंड अध्यक्ष लल्लन तुरी की अध्यक्षता में प्रखंड कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय की उपस्थिति रही।इस दौरान बैठक में प्रखंड व पंचायत स्तर पर कमेटी का विस्तार करने और संगठन को मजबूती देने पर चर्चा हुई। मौके पर पांडेय ने कहा कि आजसू पार्टी एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि आंदोलन की उपज है। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पंचायत कमेटी के साथ ग्राम कमेटी और चूल्हा प्रमुख का विस्तार किया जाए। आगामी 13 अप्रैल शनिवार को आजसू पार्टी का एक नम्बर बुथ केचकी पंचायत में पंचायत प्रभारी के साथ बैठक ली जाएगी। मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नितेश जयसवाल, नेता बीरेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र पासवान, विजय सिंह, जग्गू, सत्येन्द्र यादव, विफनी कुंवर, कुंदन कुमार, उदय बोदरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पगडंडी के सहारे आवागमन करते हैं ग्रामीण आज भी एम्बुलेंस नहीं पहुंचती है गांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत के ग्राम चटुआग को वर्ष 2017-18 में तत्कालीन सांसद ने सांसद आदर्श ग्राम के रूप में चयन किया, लेकिन विकास से वंचित सांसद आदर्श ग्राम चटुआग की पांच साल में तस्वीर व तकदीर नहीं बदली। 12 घरों की आबादी वाले इस पहना पानी में छ‌ घरों में आदिम जनजाति और 6 घरों में अनुसूचित जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं जिसकी कुल जनसंख्या करीब 50 के आसपास है। इस योजना को 2014 -15 में केंद्र सरकार ने शुरूआत की थी। इस योजना में हर एक सांसद को एक गांव को गोद लेकर गांव में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के साथ बुनियादी एवं संस्थागत ढांचे को विकसित कर गांव को आदर्श और सशक्त बनाना था। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू की गई यह योजना चटुआग में दम तोड़ चुकी है। गोद लिए हुए गांव में तमाम वो सुविधाएं होनी थी जो नागरिको को जरूरी हैं पर ऐसा नहीं हो पाया। सामाजिक कार्यकर्ता अयुब खान द्वारा वोट को लेकर जागरुक किए जाने के क्रम में ग्रामीणों का दर्द छलक कर सामने आया। ग्रामीण कमल गंझु, दसवा परहैया, अभिराम बारला, सिमान भेंगरा, गोला मुंडा, दुखन परहैया, जिदन टोपनो, बुधराम बारला, शनिचर परहैया, बोने टोपनो, ने बताया की सांसद महोदय गांव आये थे। हमारे गांव को गोद लिए थे और नाम रखा गया था सांसद आदर्श ग्राम, उस समय हमें ऐसा लगने लगा था कि हमारा गांव आदर्श गांव बन जाएगा जहां हर तरह की बुनियादी सुविधाएं होंगी किंतु ऐसा नहीं हो पाया। ग्रामीण बताते हैं की गांव में अब भी पानी बिजली सड़क समस्या है, पीने के साफ पानी की दिक्कत है। चुआंड़ी के दुषित पानी पीने को आज भी मजबूर हैं। वोट होने की बात कहे जाने पर कहते हैं कि वोट होना है लेकिन कब होगा उन्हें पता नहीं है, वोट देने जाना है यह कहे जाने पर कहते हैं कि वोट देने से कोई फायदा नहीं है बाबू, हमनी के वोट देते देते अब बुढ़ा होई गेली लेकिन अबतक गांव का कोई फायदा नहीं होलै। कई दशक साल से वोट दे रहे हैं, अब तो शरीर भी थक गया, लाठी के सहारे चलते हैं। सड़क नही इसलिए पहुंच नही पाती एम्बुलेंस अपने घर पहना पानी से बूथ तक जाने के लिए सड़क तक नहीं है, रास्ता के अभाव में इस टोले तक एम्बुलेंस नहीं आती है, बिमार होने पर आधे किलोमीटर तक मरीज को खटिया डोली के सहारे कंधे में लेकर एम्बुलेंस तक लाते हैं, गांव से परहैया टोला तक जाने के लिए पगडंडी रास्ता है, परहैया टोला से चटुआग बूथ तक जाने के रास्ते में नुकीले पत्थर निकले हुए हैं। जिससे आवाजाही करने मे काफी परेशानी होती है, हमनी हर बार यह उम्मीद लगाकर वोट देते हैं कि अबकी बार हमर गांव की सड़क और कई समस्याएं दूर होतै लेकिन हरबार वोट लेने वालों की वादा खिलाफी से हम ठगे जात हैं, वोट देने से कोनो फायदा आजतक नई होलै, वोट देकर कई संसद विधायक बने लेकिन गांव की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। वोट लेने के बाद गांव में कोई झांकने तक नहीं आता, समस्याओं की अनदेखी से जन प्रतिनिधियों के प्रति मतदाताओं में रोष साफ झलक रहा था।

## बारियातु में लोकहित पार्टी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मांगू साव के आवास पर लोकहित पार्टी का एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षा तेली समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष मुसी साव ने किया. बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राष्ट्रीय संगठन तेली समाज प्रदेश अध्यक्ष सुनील साव जी व चतरा जिला अध्यक्ष मुरारी साव उपस्थित हुए एवं चतरा लोकसभा के उम्मीदवार संजय स्नेही की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही, बैठक मे सभी तेली समाज ने एक स्वर में लोकहित पाटी पर भरोसा विश्वास के साथ सेव छ्पा पर मोहर लगाने का निर्णय लिया मुख्य अतिथि सुनील साहू को प्रखंड अध्यक्ष मुंशी साव ने गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र माला देकर सम्मानित किया। बैठक में अर्जुन साव, जितेंद्र साव, चंद्रदेव साव, दिलीप साव, तुलसी साव, राजन साव, विजय कुमार, संतोष कुमार, बंधु साव, सीताराम साव, दिलेश्वर साव, विनोद साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सरना झंडा उखाड़ने के मामले का थाना प्रभारी ने जांच कर किया खुलासा, सरहुल पुजा कमिटी ने जताया अभार



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे सरना झंडा उखाड़ने के संबंध मे सरहुल पुजा कमिटी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था.जिसपर तत्वरित कारवाई करते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व में जांच कर खुलासा किया गया. जांच मे स्पष्ट हुआ कि एक मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति ने सरना झंडा उखाड कर इधर उधर किया है.मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की पहचान बारियातु, लोदम दाग निवासी किटु भुईयां के रुप मे की गई है. मानसिक संतुलन खराब रहने के कारण किटु भुईयां पिछ्ले कई महीने से रात्रि में घुमते रहता है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के माध्यम से यह स्पष्ट हो गया। थाना प्रभारी राजा दिलावार ने आगे कहा कि सरना झंडा उखाड़ने के संबन्ध में आवेदन देने के क्रम में किसी तरह का दुर्व्यवहार समिति के सदस्यों के साथ नही किया गय है। यह निराधार है .पुलीस प्रशासन सभी समुदाय के धार्मीक भावनाओं व सभी आम जनमानष तथा जनप्रतिनिधियों का सम्मान करती है। क्षेत्र वासियों को सुरक्षा देना,व शान्ति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मे वारी है,उन्होने सभी क्षेत्र वासियों से शांतिव्यवस्था व सद्भावना बनाए रखने की अपील की। इधर सरना झंडा उखाड़ने के संबंध मे थाना प्रभारी बारियातु द्वारा किए गए तत्वरित जांच व खुलासे के लिए सरहुल पुजा कमिटी ने थाना प्रभारी व थाना परिवार को अभार जताया है.इस संबन्ध में सरहुल पुजा समिति अध्यक्ष पुर्व प्रमुख महावीर उरांव ने, कहा है कि आदिवासी समुदाय सदियो से शांति पसंद समुदाय रहा है। यह समुदाय किसी भी समुदाय से किसी भी तरह का द्वेश भाव नही रखता है. नाही किसी के मान सम्मान को हानी पहुँचाता है .सभी का आदर करता है ,साथ ही सरहुल पुजा कमिटी थाना प्रभारी राजा दिलावार व समस्त थाना परिवार का सम्मान करती है। इस मामले मे तत्वरित कारवाई करने व क्षेत्र शांतिव्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण सहयोग के लिए अभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं, क्षेत्र मे शांतिव्यवस्था व सद्भावना बनाए रखने मे हमारा सहयोग बना रहेगा।

## आम चुनाव को लेकर प्रखण्ड के सुदूरवर्ती बूथों का पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों का आगामी आम चुनाव को लेकर निरीक्षण करने के लिए शनिवार को हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह विष्णुगढ़ पहुंचे। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत ग्राम अचलजामो स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय अचलजामो, राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होवार सहित ग्राम नरकी एवम ग्राम सारुकूदर क्षेत्र में स्थित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा -निर्देश दिया गया। साथ ही उक्त सभी इलाकों में भ्रमण करते हुए आम जनता को मतदान हेतु जागरूक भी किया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के साथ आरक्षी निरीक्षक सह थाना प्रभारी विष्णुगढ़ रामनारायण सिंह मौजूद रहे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी के जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में प्रशासनिक अमला रामनवमी पर्व के मद्देनजर रामनवमी जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ हजारीबाग के तमाम जुलूस मार्गों का मुआयना किया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के डालियों,अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया साथ ही जुलूस मार्गों पर बैरिकेटिंग का आकलन करते हुए रुट लाइन के सड़क किनारे रखे ईट,बालू व पत्थर को हटाने का निर्देश दिया। रुट का निरीक्षण पुलिस कंट्रोल रूम, इंद्रपुरी चौक, सदर अस्पताल, पैगोडा



चौक, झंडा चौक,महावीर स्थान, ग्वाल टोली चौक, जामा मस्जिद रोड, बुच्चर टोली चौक तथा पेलावल चौक तक किया गया। जुलूस मार्ग इंस्पेक्शन से पूर्व उपायुक्त ने पुलिस कंट्रोल रूम में सभी संबंधित अधिकारीयों के साथ वार्ता कर रूट मार्ग संबंधी विभिन्न अवयवों की जानकारी दी तथा इस दौरान किए जाने वाले कार्यो व सावधानियों से अवगत कराया। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, एसडीपीओ शिवाशिष कुमार,एसडीओ सदर शैलेश कुमार, सदर सीओ मयंक भूषण कुमार, एनडीसी प्रदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल का मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने किया उद्घाटन



**बरही :** रविवार को बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में लक्ष्य पब्लिक स्कूल का उद्घाटन हुआ। विद्यालय का उद्घाटन धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद कुमार कुशवाहा, प्रकाश साव, विकाश कुमार यादव , अजय कुमार कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा से ही परिवर्तन लाया जा सकता है, अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश का होना नितांत आवश्यकता है, ऐसे शैक्षणिक संस्थान ग्रामीण परिवेश के बच्चों को शिक्षित करने में बेहद कारगर साबित होते हैं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि लोग पेट काटकर भी अपने बच्चों को पढ़ाना लिखाना चाहते हैं, उन्हें शिक्षित बनाकर एक सभ्य नागरिक के रूप में विकसित करना चाहते हैं, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने नए शैक्षणिक संस्थान लक्ष्य स्कूल के संचालक को बधाई दी। और उनके संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना की, वही डायरेक्टर रामसेवक कुमार ने अभिभावक व सामाजिक लोगों से कहा कि विद्यालय का उद्देश्य है कि बच्चे ना सिर्फ किताबी ज्ञान बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा का भी पाठ पढ़ाया जाए। मौके पर द गाइड इंस्टीट्यूट के निदेशक अंकित कुमार, संतोष कुमार राणा, राकेश कुमार, कमलेश कुमार कुशवाहा,विकाश कुमार, निशांत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन, जीबलाल प्रसाद, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऐतिहासिक व नशामुक्त रामनवमी का युवाओं ने लिया संकल्प : प्रशांत कुमार प्रधान



**हजारीबाग :** राष्टीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी की आगाज होते ही एक ओर जहां जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने रामनवमी 2024 के सफल सम्पादन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है वहीं हजारीबाग संरक्षण समिति ने भी रामनवमी को लेकर तैयारियों में जुट गया है इसी क्रम में समिति ने हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान की अध्यक्षता में बैठक किया द्य बैठक के दौरान रामनवमी के दौरान होने वाली विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई द्य बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा की यह रामनवमी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चल कर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की रामनवमी होगी बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की हम हजारीबाग के लोग की आन बान है यह रामनवमी और हम इसकी आन बान शान को अक्षुण रखेंगे आगे उन्होंने हजारीबाग के लाखों युवा रामभक्तो से अपील करते हुए कहा है की हम भगवान राम के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं हमारे लिए हमारी परम्परा सर्वोपरी है इसी लिए हम संकल्प ले की इस रामनवमी को हम नशा मुक्त रामनवमी बनाने के लिए अपना योगदान देंगे अपने संबोधन के दौरान श्री प्रधान ने नवनिर्वाचित श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति अध्यक्ष चुने जाने पर जीतू यादव को बधाई व शुभकामना दिया है द्य मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी , संजीव लाल भगत , ओम प्रकाश गोप ,अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता , ओम प्रकाश सिन्हा , केदार कुमार ,मोहन कुमार ,धर्मेंद्र शुक्ला , समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## ईद व रामनवमी को लेकर दारू थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**दारु।** ईद व रामनवमी त्योहार को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर दारू थाना में शांति समिति की बैठक की गई। अध्यक्षता एस डी पी ओ बैजनाथ प्रसाद जबकि संचालन थाना प्रभारी मो सफीक खान ने किया। थाना प्रभारी ने बैठक की विषय वस्तु से अवगत कराते हुए उपस्थित लोगो से क्षेत्र की समस्याओं और सुझाव को रखने के लिए कहा। उपस्थित लोगो ने बारी बारी से समस्या और सुझाव को रखा। जिसमे बिजली व्यवस्था, स्वस्थ्य पेयजल,की समस्या बताया। समस्याओं का समाधान के लिए उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रयास करने की बात कही।अवर निरीक्षक मो साजिद रजा ने दोनो समुदाय को एक दूसरे के आपसी सहयोग से त्योहार मनाने की अपील की।वर्तमान में लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार लोस चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे ध्यान में रखें और श्रीराम की जीवन शैली का अनुश्रवण कर त्योहार मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे।

## ईद और रामनवमी को लेकर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** ईद और रामनवमी को लेकर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक डीएसपी बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर शहजाद राजा, प्रमुख संतोष मंडल,बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, शिबू प्रसाद सोनी, थाना प्रभारी सुजीत कुमार, उपप्रमुख रवि वर्णवाल समेत थाना क्षेत्र के मुखिया जनप्रतिनिधि एवं अखाड़ा के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि ईद और रामनवमी पर्व मेल-मिलाप से मनाने की जो टाटीझरिया में परंपरा रही है इस का निर्वहन करते हुए आपसी भाईचारे के साथ व सौहार्दपूर्ण परिवेश में मनाए। सरकार के गाइड लाइन नियमों का पालन करना है । बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज ने कहा की रामनवमी पर्व 9 अप्रैल से शुरू हो



रही है और 11 अप्रैल को ईद है और 17 अप्रैल को रामननवमी है। आपसी भाईचारगी के साथ पर्व मनाए हुडदंग और पर्व को अशांति फैलाने वालों को बक्सा नही जायेगा प्रशासन आपके साथ है शरारती लोगो पर तुरंत करवाए जायेगी।डीएसपी बैजनाथ प्रसाद ने कहा की टाटीझरिया में हर वर्ष जिस तरह से रामनवमी का पर्व मानते आ रहे है उसी प्रकार शांति के साथ मनाकर मिशाल कायम करना है। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए पर्व में डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ताशा,केसियो,बेंजु और चोंगा का उपयोग करना है और जुलूस जिस गांव से निकलेगा उसका अखाड़ा अध्यक्ष लाइसेंस ले लेंगे या पुन~ करवा लेंगे। कही यदि पर्व के दिन कोई प्रकार से हुड़दंग कर कोई गलत पोस्ट फैलाने का काम करेगा उसे बक्शा नही जयेगा एवं उस पर कानूनी करवाई किया जाएगा। अभिभावक अपने अपने बच्चों पर नज़र रखने का कहा गया है। बैठक में मुखिया सुरेश यादव सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र यादव, मिथलेश वर्मा , रविंद्र यादव,विनय दास, सुरेंद्र प्रसाद,सरयु प्रसाद,बालेश्वर महतो,कौलेश्वर मिश्रा,प्रेमचंद गुप्ता ,प्रमोद सिंह, उपेंद्र सिंह, योधी यादव, पप्पू कुमार,अरविंद केसरी,सुरेंद्र प्रसाद, मिनांचाल कुमार,बद्री भुइयां,निर्मल प्रसाद,प्रदीप कुमार,सौरभ सिंह,प्रमोद सिंह,हितेंद्र पटेल,कृष्णा प्रसाद,मो मुस्तकिम अंसारी तौफिक आलम ,जैनुल अंसारी ,कयूम मियां, मो रजाक, शाकिर अंसारी एसआई पवन कुमार, रामप्रवेश राय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी के लोकसभा सम्मेलन को लेकर बड़कागांव प्रखंड कमेटी ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** आजसू पार्टी का 13 अप्रैल को हजारीबाग मे होने वाले लोकसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर रविवार को प्रखंड आवासीय कार्यालय में पार्टी की अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल सम्मेलन जो होने जा रहा है वह ऐतिहासिक होगा बस आप सभी साथी तैयार रहें। झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार सिर्फ और सिर्फ बड़े-बड़े वादे और युवाओं को ठगने का काम कर रही है। लोकसभा चुनाव में झारखंड के सभी 14 सीट एनडीए के खाते में जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, वरिष्ठ नेता उमेश दांगी, राजा खान, संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, तुलेश्वर राम, शंकर मिश्रा, गणपति महतो, सुधीर चौबे, दिनेश महतो, बलदेव महतो, प्रमोद कुमार, देवनारायण प्रसाद, मोहम्मद आवेश, मोहम्मद फिरोज खान, गोपाल महतो, श्याम निराला, जावेद हुसैन, सत्येंद्र गुप्ता, ललन सिंह, सुरेश दांगी, मोहम्मद रब्बानी, अहमद राजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रीदस में एसपीएल का हुआ आयोजन, श्रीदस सुपर चैम्प्स बना चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार देर शाम को स्कूल परिसर में एसपीएल का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। डे एंड नाइट हुए इस एक दिवसीय नॉक आउट प्रतियोगिता में फाइनल मैच श्रीदस सुपर चैंप्स व श्रीदस मार्वेल्स के बीच में खेला गया। जिसमें श्रीदस सुपर चैंप्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित छः ओवरों में 41 रन का स्कोर खड़ा किया। वहीं मार्वल्स की टीम 31 रनों पर ही ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच के रूप में श्रीदस सुपर चैंप्स के सौरभ चुने गए। वहीं मैन ऑफ द सीरीज के रूप में सौरव यादव मार्वल की टीम से चुने गए। गर्ल्स टीम की बात करें तो फाइनल मैच श्रीदस एंजेल्स और श्रीदस सुपर गर्ल्स के बीच में खेला गया। जिसमें एंजेल्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11 रनों पर पूरी टीम धाराशाही हो गई और सुपर गर्ल्स की टीम बिना विकेट गवाए दूसरे ओवर में ही मैच को खत्म करके सीजन का पहला चैंपियन बनी। गर्ल्स ऑफ़ द सीरीज और




मैन ऑफ द मैच के रूप में श्रीदस एंजेल्स की कप्तान अर्चना कुमारी बनी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बीएसए संरक्षक सह समाजसेवी अब्दुल मनान वारसी, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह व उप प्राचार्य विकाश सिंह मौजूद रहें। आयोजन की शुरुवात द्वीप प्रज्वलित कर और स्कूल के इंस्पिरेशनल स्व. दशरथ सिंह के चित्र पर फूल माला अर्पित करके किया गया।गेम को रोमांचक बनाने के लिए रखा गया था शॉर्ट बाउंड्री, सिक्स मारने पर आउट इस दौरान लीग को रोमांचक बनाने के लिए शॉर्ट बाउंड्री रखी गई थी। वहीं बड़ी शॉर्ट खेलने पर आउट रखा गया था। हालांकि इस दौरान भी कई छक्के लगें। दरअसल अगर फील्डर्स के हाथों से लगाकर बाउंड्री के बाहर जाने पर सिक्स लीगल रखा गया था।स्कूल प्रांगण में हुए इस लीग को लेकर बच्चें और खिलाड़ियों के अंदर भारी उत्साह देखने को मिला। कक्षा दसवीं के छात्र शुसांत कुमार ने बताया कि आज वह अपने टीम को सपोर्ट करने आया है और पूरे एसपीएल का मजा ले रहा है। वहीं कक्षा सातवीं की छात्र राजनंदिनी ने बताया कि वह अपनी फेवरेट टीम श्रीदस सुपर गर्ल्स टीम को चीयर्स करने आई है। सारे बच्चें अपनी अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए आए हुए। खाने पीने को उच्चतम प्रबंध किया गया है वाकई में मैच देखने में बहुत मजा आ रहा है।बता दें कि यह टूर्नामेंट नॉक आउट मैच था, जो शनिवार के शाम 4 बजे शुरू होकर देर रात तक चली। पूरा लीग उच्चतम क्वालिटी के लाइट की मौजूदगी में हुई।

## बादम पंचायत में ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई विशेष बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम पंचायत भवन में ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने किया। बैठक में ईद और रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए विशेष चर्चा की गई। इस दौरान लोगों ने अपनी अपनी बातों को रखा। लोगों के द्वारा प्रशासन से आग्रह किया गया के प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था की जाए और कई स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की मांग की गई। एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने कहा के शांति समिति में आए सभी लोगों का दायित्व है के जो चर्चा हमारे बीच हुई है इसकी जानकारी अपने गांव मुहल्ले के एक एक व्यक्ति तक पहुंचाएं। पुलिस बल की प्रयाप्त व्यवस्था होगी। जुलूस मार्ग पर किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं करना है। भड़काऊ गाने का प्रयोग



किसी भी परिस्थिति में नही करना है। मोतरा का जो जुलूस है उसे समय पर निकला जाए और सूर्यास्त से पहले जुलूस को वापस ले जाना है। कानून का पूर्ण रूप से पालन करें कानून का अवहेलना करने वाले पर निश्चित रूप से कड़ी से कड़ी करवाई की जाएगी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा के मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लगा हुआ है इस लिए कानून का पूर्ण रूप से पालन करना है। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। किसी भी तरह का ऐसा पोस्ट को लाइक या शेयर न करें जिससे किसी जाति, समुदाय को ठेस पहुंचे या कानून की अवहेलना हो। ऐसा करने वाले किस उचना पुलिस को दें ऐसे व्यक्ति पर सख्त से सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। जहां कहीं भी अवैध शराब का खरीद बिक्री हो रहा तो उसकी गुप्त सूचना पुलिस को दें सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। जुलूस का जो मार्ग पूर्व से निर्धारित है उसी मार्ग से रामनवमी का जुलूस निकालें, समय का पालन करें, और भड़काओ गाना किसी भी हाल में न बजाएं। किसी भी तरह की कोई अफवाह फैलाना है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। परिस्थिति कैसी भी उत्पन्न हो जाए कानून को हाथ में न लें अन्यथा कानून अपने तरीके से काम करेगी। ऐसा गाना न बजाएं जिससे किसी के भावना को ठेस न पहुंचे। बैठक के बाद एसडीपीओ कुलदीप कुमार और थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण भी किया।

## जन आशीर्वाद यात्रा में संजय को मिल रहा भरपूर समर्थन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र के जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता जनआशीर्वाद यात्रा के तहत लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को उन्होंने केरेडारी प्रखंड पहुंचकर अनेकों स्थान का दौरा किया। इस दौरान संजय को भरपूर जनसमर्थन मिला। लोगों ने हज़ारीबाग लोकसभा से उन्हें विजयी बनाने को लेकर संकल्प लिया। यात्रा के दौरान संजय मेहता ने स्थानीय लोगों से संवाद किया और कहा कि झारखंड में झारखंडी हक अधिकारों को लेकर हम सबको सजग होने की बारी आ गयी है। जमीन हमारी संसाधन हमारा लेकिन वर्षों से ये बड़ी कंपनियां लूट कर ले जा रहे हैं और इसका साठगांठ सत्ता के दलों से है। हमें अपना और आने वाले पीढ़ियों के भविष्य को बचाने के लिए एकजुट होना होगा। संजय ने जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि झारखंड को बचाने के इस लड़ाई में मेरा साथ दीजिए। आप मुझे संसद भवन भेजते हैं तो जनता की आवाज बनकर सदन में मुद्दों को उठाऊंगा। हज़ारीबाग को विकास की एक नई गति दूंगा। जन आशीवार्द यात्रा में मिल रहे स्नेह, सहयोग और समर्थन पर संजय ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया। साथ ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं जेएलकेएम के सभी कार्यकर्ताओं व समर्थकों को धन्यवाद दिया।

## अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति की ग्राम स्तरीय बैठक गोंदलपूरा में की गई। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य गणेश रिक्याशन एवं संचालन पुरन भुईयां ने किया। मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड अध्यक्ष प्रभु भुइयां, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शारदा ऋषि, प्रमुख प्रतिनिधि हेमन्त भुईयां एवं झामुमो जिला सोशाल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां मुख्य रूप से बैठक में शामिल हुए। समाज के लोगों ने अतिथियों का फूल माला एवं गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। फूलवा देवी ने कहा शराब के कारण समाज की स्थिति बिगड़ रही है हम सभी का दायित्व बनता है कि समाज में सुधार लाएं। लोग शराब को छोड़ शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। शराब से किसी का भी विकास नहीं हुआ है, सिर्फ विनाश हुआ है इसे हमें गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। मौके पर प्रखंड सचिव शंकर भुईयां, पूर्व सचिव महावीर राम, गिरजा भुइयां, वार्ड सदस्य गणेश रिक्याशन, पुरन भुईयां ग्राम अध्यक्ष भांगो, सचिव सुरेश भुईयां, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर राम, सोनी देवी, पूजा कुमारी खुशबू देवी, सरोज देवी, अरुण देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## यूथ विंग ने रोजेदारों के बीच तरबूज एवं बुजुर्गों के बीच लूंगी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग।जिले के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शनिवार देर शाम सरदार चौक के मजार के समीप रमजान माह में दूसरी बार तरबूज एवं लूंगी का वितरण रोजेदारों के बीच किया गया। बता दें कि हजारीबाग यूथ विंग यह सेवा पिछले 2 वर्षों से निरंतर रूप से करते आ रही है। मोहर्रम त्यौहार में भी संस्था के द्वारा सेवा प्रदान किया गया था। मुस्लिम समुदाय ने इस कार्य के लिए यूथ विंग की सरहाना की। हजारीबाग यूथ विंग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के बड़ा बाजार चौक डिश टीवी ऑफिस के समीप 251 किलो लड्डू महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जिसमें एकमात्र लड्डू सवा पांच किलो का बनाया जाएगा जो महावीर स्थान स्थित प्रभु श्री राम को भोग लगाया जाएगा। हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि आने वाले विभिन्न त्योहारों में भी हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर लगातार तीसरी वर्ष संस्था के द्वारा भव्य लड्डू महा भोग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस भव्य कार्यक्रम में आप समस्त राम भक्त सादर आमंत्रित। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार उपाध्यक्ष विकास केसरी कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल,प्रिंस कसेरा सहित कई अन्य मौजूद थे।

## जेल से छुटे चार फरार प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उरीमारी ओपी क्षेत्र में किसी अपराध में शामिल एवं पुर्व जेल से छूटे चार प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार को भुरकुंडा पुलिस के द्वारा उरीमारी पुलिस को सौंपा गया।बताया गया कि चारों अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। वहीं अपराधियों मे राजा भुइयां पिता गोविंद भुइयां, गुड्डु भुइयां पिता लखन भुइयां,सरदार भुइयां पिता नानू भुइयां, बबलू भुइयां पिता नायडू भुइयां सभी भुरकुंडा लक्ष्मी टाकीज,थाना पतरातु जिला रामगढ़ निवासी हैं। वहीं उरीमारी ओपी कांड संख्या 78/09 एवं धारा 224/34 के फरारी अभियुक्त हैं जिन्हें उरीमारी पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए हजारीबाग जेल भेज दिया गया।



## रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर उरीमारी ओपी में शांति समिति की हुई बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उरीमारी शनिवार बाजार स्थित उरीमारी ओपी में ओपी प्रभारी रामकुमार राम कि अध्यक्षता में रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान रामनवमी पुजा एवं ईद पर्व को लेकर बैठक की गई। वहीं इस बैठक में रामनवमी पुजा एवं ईद पर्व शांतिपुर्ण तरीके से एवं भाइचारे के साथ मनाने कि अपील कि गई। खासकर कर हुड़दंगियो पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि क्षेत्र में सभी लोग पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। किसी प्रकार कि समस्या होने एवं शोशल मिडिया पर गलत तस्वीरें ना डालें एवं अन्य जानकारी होने पर पुलिस से संपर्क जरूर करें।वहीं इस बैठक में उरीमारी ओपी के एसआई रशिक किस्कू,पावेल सोरेंग, राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,डा जीआर भगत,शंकर साव, कार्तिक उरांव, कानू मरांडी, इंद्रजीत दुबे,तेजभान प्रसाद, फिरोज अंसारी,अली अंसारी, पप्पू यादव, बिनोद कुमार,चंदू कुमार, सरफराज आलम,हसन, सतीश कुमार, गणेश राम, कर्मवीर कुमार सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## प्रवासी मजदूरों के नाम उपायुक्त ने लिखा पत्र, लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील की

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग सहित अन्य संबंधित कोषांगों द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष पहल के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के वैसे प्रवासी मतदाता जो रोजगार अथवा किसी कारणवश अन्य राज्यों में रह रहे हैं उन सभी प्रवासी मतदाताओं के नाम पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी प्रवासी मतदाताओं से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में उनके मतदान के महत्व को समझते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की है। गौरतलब होकि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा प्रवासी मजदूरों के नाम लिखी गई चिट्ठी को प्रवासी मजदूर तक पहुंचाने का कार्य संबंधित क्षेत्र के बीएलओ द्वारा किया जाएगा। पत्र प्राप्त होने के उपरांत बीएलओ द्वारा संबंधित प्रवासी मतदाता को वीडियो कॉल के माध्यम से चिट्ठी दिखाकर 20 मई 2024 को 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बुलाएंगी।



## जंगली हाथी ने महलीडीह गांव में मचाया उत्पात, खड़ी फसलों को किया नष्ट

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गोला वन क्षेत्र के मगनपुर पंचायत अन्तर्गत महलीडीह गाँव में रविवार के अहले सुबह जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान गाँव के किसान मंगल किशोर महतो के खेतों में लगी भिंडी, बोदी, खीरा एवं गेहूं के फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसकी सूचना भुक्तभोगी ने वन विभाग के अधिकारियों को दिया। तत्पश्चात के कर्मचारी आकर स्थिति का आकलन करके गए। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह किया है कि उन्हें जंगली हाथियों के दमन से मुक्ति दिलाय।



## कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने विभिन्न पंचायतों में की बैठक

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पतरातू प्रखंड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पतरातू प्रखंड के चार विभिन्न पंचायतो चिकोर ,पाली , साँकी एवं देवरिया का दौरा कर अलग-अलग पंचायतो में बैठक कर बूथ कमेटी का सत्यापन एवं रजिस्ट्रेशन किया ।मौके प्रमुख रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के साथ जिला बीस सूत्री सदस्य प्रदीप साव ,युवा प्रखंड अध्यक्ष .मो . मुख्तार अंसारी , कमलेश राम सोनेश्वर बेदिया , चंदन उर्फ कपील रबानी , गंगाघर कुशवाहा , धनंजय सिंह ,बारिक अंसारी ,मो. युनुस , मुनेश्वर बेदिया , शहजादा तालिम , सुभाष महतो , प्रेमचंद बड़ाईक , शिवदेव गंझु , राजेश कुमार , मनोज महतो ,दिलीप बेदिया ,हरि बेदिया ,अहमद अंसारी प्रवीण कुमार ललकु बेदिया रामवृक्ष बेदिया महावीर सिंह सहित दर्जनों शामिल थे ।

## स्व. लालमुनी देवी की चौथी पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच किया गया भोजन का वितरण

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भुरकुंडा मे राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार कोभी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। रविवार का कार्यक्रम सुंदरनगर भुरकुंडानिवासी स्व. लालमुनी देवी की चौथी पुण्यतिथि पर उनके दामाद रघुवंश कुमार सिंह द्वारा उनकी आत्मा की शांति के लिए दर्जनों गरीब जरूरतमंद महिला पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्व. लालमुनी देवी के तस्वीर पर दामाद रघुवंश कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद रघुवंश सिंह, राजकुमार सिंह, आनंद शर्मा, उपेंद्र सिंह सहित मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह द्वारा गरीबों को भोजन कराया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यो में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्हां ने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षो से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, राजकिशोर पांडेय, दिलीप गंझू, उदयभान दुबे, मोहम्मद शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।




# उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ मांडू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले में सफलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने तथा निर्वाचन के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में बनाए जाने वाले इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉक्टर बिमल कुमार के साथ मांडू प्रखंड अंतर्गत कुज्जु, घाटो, बरमसिया सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित विभिन्न विद्यालयों आदि का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में भवन में उपलब्ध कमरों की संख्या, शौचालय, जलापूर्ति, विद्युत सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। मौके पर उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को केंद्र को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूप के रूप में तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, थाना प्रभारी मांडू सहित अन्य उपस्थित थे।



## दुल्मी प्रखंड के लोगों ने जमीन के रसीद ना काटने पर वोट का बहिष्कार किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत ग्राम उरबा, डुमरिया टोला,माथागोड़ा, सरना टोला, सभी मोजा के खतियन धारी माता बहन का पिछ्ले 1992 से जमीन का रसीद नहीं काटा है 126 खाताधराको का जमीन का रसीद नहीं मिला है जिससे यह लोग काफी परेशान है उनका कहना है कि गांव के लोगों को कोई भी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से वांछित हो रहे है इस कारण गांव के लोगों ने निर्णय लिया गया है कि जब तक जमीन का रसीद नहीं कटेगा तब तक वोट नहीं दिया जाएगा। सभी आज आपने गांव से जिला तक के आवाज़ को उठाया। गांव के लोगों का कहना है सभी मतदाताओ की एक पुकार जब तक रसीद नही कटेगा तब तक सभी मतदान नही करेंगे।इस मौके पर उरबा मोजा के सभी माता बहन मौजूद थे।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित

## हम इस लोकसभा चुनाव में उसी दल को समर्थन देंगे जो हमारे समाज के हितों की बात करेगा : अरूण कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक रविवार को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा के सिन्हा मार्केट स्थिति आवासीय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। जबकि बैठक में अभाकाम के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य सहित सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष व महामंत्री शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की इस बार का लोकसभा चुनाव काफी अहम है। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में अभाकाम उसी दल को समर्थन देगा जो हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा। सिन्हा ने कहा की इधर देखा जा रहा है की कुछ दलों द्वारा हमारे समाज के हितों की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है।हम देख रहे हैं की हमारे समाज के लोगों को राजनीति में जो भागीदारी दी जानी चाहिये थी वह नही मिल रहा है। इसलिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से यह निर्णय लिया गया है की जो दल हमारे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगा और हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा हमलोग लोकसभा चुनाव में उसी दल को समर्थन देंगे। बैठक का संचालन महामंत्री राजीव रंजन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बारमेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। मौके पर अखिल भारतीय का महासभा के विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार,डॉ शंभू प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा, अमोद कुमार सिन्हा, धनंजय वर्मा, उपेंद्र कुमार सिन्हा, कमलेश सिन्हा, विरेंद्र कुमार सिन्हा, मुन्ना श्रीवास्तव, डॉ रोहित वर्मा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, सुजीत सिन्हा, अवधेश सिन्हा, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, मनोज सिन्हा, ज्योति सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रशांत कुमार, संजय श्रीवास्तव सहित महासभा के कई लोग उपस्थित थे।



# मतदाता जागरूकता हेतु रन फॉर वोट में दौड़ेगा झरिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रेस क्लब, मिशन एयरपोर्ट, यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ झरिया के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को प्रेस क्लब भवन में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें 14 अप्रैल को प्रस्तावित रन फॉर वोट कार्यक्रम की रूप रेखा तय किया गया।निर्णय लिया गया कि धनबाद के सर्वांगीण विकास के लिए सभी लोगों को सत प्रतिशत मतदान करना होगा तभी हम अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। इसके लिए समाज में जागरुकता जरूरी। सफल मतदान के लिए नए वोटरों को जोड़ना जरूरी है। वोटरों को जागरूक करने के लिए 14 अप्रैल को रन फॉर वोट चिल्ड्रेन पार्क से शुरू हो कर 4 नंबर, बाटा मोड़, लक्ष्मणिया मोड़ होते हुए कतरास मोड़ में समाप्त होगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धनबाद उपायुक्त, बीसीसीएल के जी एम, अंचल अधिकारी एवं अन्य उच्च अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। झरिया के नागरिकों को इस महापर्व में अपना योगदान करने की अपील की गई।बैठक में डॉ मनोज सिंह,अनिल कुमार जैन, अखलाक अहमद, श्रीकांत अम्बाष्ट, मदन सिंह, शिवचरण शर्मा, अविनाश शर्मा, शैलेंद्र जायसवाल, शिवबालक पासवान, सत्यनारायण भोजगढ़िया, चेतन मिश्रा, राकेश पासवान, विशाल पलसानिया, डॉ दिलीप कुमार, आर सी पासवान, शैलेंद्र कुमार, विवेक सिंह, कुणाल कुमार, संतोष राम, अनिल सिंह, राजकुमार शर्मा, रवि कुमार, रवि राज, कुंदन सिंह, राजू पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## भाजपा के मिलन समारोह में कई दिगज्जों ने थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार मनीष जायसवाल को घोषित किए जाने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा और आजसू कार्यकताओं में जहां खुशी की लहर हैद्य वहीं भाजपा में लगातर शामिल होने का होड़ सा मचा हुआ है। हाल ही में रामगढ़ में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने मनीष जायसवाल की उपस्थिति में भाजपा में धमाकेदार एंट्री की और निरंतर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में कार्य कर रहें हैं । रविवार को रामगढ़ की एतिहासिक धरती पर रामगढ़ के नई सराय में रामगढ़ भाजपा जिला कमिटी द्वारा आयोजित मिलन समारोह में रामगढ़ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल के नेतृत्व में पुनः सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थाम कर यह संदेश देने का काम किया की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर कमल खिलेगा और तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे। भाजपा में शामिल होने वाले अरविंद जायसवाल सहित अन्य सैकड़ों लोगों का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल सहित भाजपा नेताओं ने फूल माला और भाजपा का पट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया ।मिलन समारोह मंच संचालन प्रो.संजय सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन ऋषिकेश सिंह ने किया ।मौके पर विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू नेता सह नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, भाजपा नेता रंजित सिन्हा, कुंटु बाबू, राजीव जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, वसुध तिवारी, संजय शाह, मनोज गिरी, शिवकुमार महतो, सुरेंद्र शर्मा, बृजेश पाठक, मनोज सिंह, संजय शाह, शीतल सिंह, सुशांत पांडे, मिथिलेश मंडल, आजसू के मो फारूक, एजाज अंसारी, पवन करमाली, रिंकू करमाली सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा) :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के देवीपुर पंचायत स्थित ग्राम डोंगोडीह के साहू धर्मशाला में भाजपा की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 7 अप्रैल को मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका संचालन मुखिया सुनील यादव ने किया। बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु कुमार,भाजपा वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, झांसी से सुधीर सिंह उपस्थित थे। वही सभा को संबोधित करते हुए संघठन प्रभारी भैया अभिमन्यु ने कहा कि लोकसभा का चुनाव है और इस बार मोदी की गारंटी भी आपके साथ है मोदी की गारंटी धारा 370, श्री राम मंदिर था। वही सभा को संबोधित करते हुए डॉ नीरा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है उन्होंने महिलाओं के प्रति आरक्षण बिल भी लोकसभा में पारित किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजई बनावे ताकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार सपना पूरा हो सके इसलिए अपने अपने बूथों पर जाकर मतदान करे। वही सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जब झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी तो झारखंड में विकास का कार्य तेजी से हो रहा था। जब दूसरी सरकार झारखंड में बनी तब से विकास बाधित है। ढीबरा ओर खदान पर झारखंड सरकार ने कोई नियम नहीं बनाया है जिससे लोग बेरोजगार हो गए। खदान बंद पड़ी है। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाने के लिए 20 मई को अपने अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर कमल फूल पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनावे ताकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधान मंत्री बन कर देश का विकास कर सके। सभी बूथ अध्यक्षों से तथा पन्ना सदस्य से निवेदन किए की अगले लोकसभा चुनाव से से 10 प्रतिशत अधिक मतदान करे।

## 27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 27 अप्रैल 2024 को विद्युत विभाग से संबंधित मामलो एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलो के निष्पादन हेतु एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । इस विशेष लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने के लिए कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में कोडरमा न्याय मंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने की जबकि बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने किया। इस बैठक में आगामी 27 अप्रैल 2024 को विद्युत विभाग से संबंधित मामलों एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निष्पादन किये जाने की दिशा में विचार विमर्श किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को चेक बाउंस एवं विद्युत विभाग से संबंधित मामलों को चिन्हित कर उनके पक्षकारों को नोटिस भेज कर सूचित करने के निर्देश दिए। वही सभी न्यायिक पदाधिकारियों को अपने-अपने न्यायालय में लंबित चेक बाउंस एवं विद्युत विभाग के मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन की दिशा में सक्रिय पहल किए जाने के निर्देश भी दिए गए। उल्लेखनीय है कि विद्युत विभाग के विशेष न्यायाधीश सह जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह के न्यायालय में लंबित विद्युत विभाग के मामलों के निष्पादन के लिए लोक अदालत के पूर्व दिनांक 22 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक प्रतिदिन पूर्वाहन 10ः00 बजे से विद्युत विभाग से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए प्री कॉन्सिलिएशन सीटिंग का आयोजन किया गया है, जिसमें राष्टीय लोक अदालत की तर्ज पर फाइन की आधी राशि चुकाने पर उनके मामलों का निष्पादन कर दिया जाएगा ।

## विधायक के प्रयास से जोभिया में लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के जोभिया गाँव में रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनीता चौधरी के प्रयास से 63 केवीए का नया ट्रॉंसफॉर्मर लगाया गया। जानकारी के अनुसार गाँव का ट्रॉंसफॉर्मर पिछ्ले कुछ दिनों से खराब पड़ा था, बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक को इसकी सूचना दी, विधायक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देकर ट्रॉंसफॉर्मर बदलवाया। गोला प्रखंड आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष राहुल कुशवाहा, मीडिया प्रभारी कुलदीप महतो, महासचिव गेंदलाल महतो, अनुसूचित जाति महासभा के प्रखंड उपाध्यक्ष विनय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर इस नये ट्रॉंसफॉर्मर का उद्घाटन किया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस प्रयास के लिए विधायक का आभार प्रकट किया। मौके पर विकास पाण्डे,भरत बेदिया, भानु बेदिया, हजारी बेदिया, विनय नायक, मनोज बेदिया, दिलीप करमाली, नंदू बेदिया, सागर करमाली, मीकू कश्यप, विक्की करमाली, पवन बेदिया, हरदियाल बेदिया, बीपिन पांडे, गणेश बेदिया, कमल पांडे, बबलू राम करमाली आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ने कई पंचायत का दौरा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पतरातू प्रखंड के चार विभिन्न पंचायतो चिकोर ,पाली , साँकी एवं देवरिया का दौरा कर अलग-अलग पंचायतो में बैठक कर बूथ कमेटी का सत्यापन एवं रजिस्ट्रेशन किया । मौके प्रमुख रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के साथ जिला बीस सूत्री सदस्य प्रदीप साव ,युवा प्रखंड अध्यक्ष .मो . मुख्तार अंसारी , कमलेश राम सोनेश्वर बेदिया , चंदन उर्फ कपील रबानी , गंगाघर कुशवाहा , धनंजय सिंह ,बारिक अंसारी ,मो. युनुस , मुनेश्वर बेदिया , शहजादा तालिम , सुभाष महतो , प्रेमचंद बड़ाईक , शिवदेव गंझु , राजेश कुमार , मनोज महतो ,दिलीप बेदिया ,हरि बेदिया ,अहमद अंसारी प्रवीण कुमार ललकु बेदिया रामवृक्ष बेदिया महावीर सिंह सहित दर्जनों शामिल थे।

## तेज रफ्तार का कहर, डिवाइडर से टकरा पलटी कार, आधा दर्जन लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग पुटकी के परसिया मे तेज गति से चल रहे महिंद्रा केयूवी कार डिवाइडर से टकरा पलटी मार दी। रफ्तार इतनी तेज थी की सड़क किनारे खड़े एक गेराज के समीप एक कार को भी अपने चपेट मे ले लिया। घटना में आधा दर्जन लोग घायल होने की सूचना है। वही स्थानीय ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही पुटकी पुलिस घटनास्थल पहुंच घायलों को इलाज के लिए धनबाद एसएन एमएम सीएच भेज दिया।

## गिरिडीह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सरहुल पर्व

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गिरिडीह ज़िले के पपरवाटांड स्थित नया पुलिस लाइन में हर्षोल्लास के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया।इस दौरान पाहन ने जाहेर स्थान पर ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि, हरियाली की मंगलकामना की। इसके बाद पुलिस लाइन में



आदीवासी समाज के पुरुष-महिलाएं व युवतियां परंपरागत वेशभूषा में सरहुल महोत्सव में शामिल हुए।इस बाबत पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यंन मुंडा ने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों के जमाने से चली आ रही है। इस परंपरा को उत्सव रूप में मनाकर नई पीढी के लोगों को सरहुल व पर्यावरण का महत्व बताना है। समुदाय के लोगों का प्रकृति से प्रेम व अटूट रिश्ता होने के कारण ही पर्यावरण व संस्कृति को अब तक सहेज कर रखा गया है। यह पर्व हमें प्रकृति व संस्कृति से जोड़े रखती है। वही नये फसल फल फूल को पहले देवता को अर्पण करते हैं ।उसके बाद ही हम ग्रहण करते हैं।इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

## सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा सोशल मीडिया पर चुनाव से सम्बंधित पोस्ट, सूचनाओं पर नज़र रखने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर पुलिस ने मीडिया सेल का गठन किया है। इसको लेकर पुलिस केंद्र में डीएसपी (मुख्यालय 2) संदीप कुमार गुप्ता तथा डीएसपी अर्चना खलखो ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें धनबाद जिले के सभी थानों में नामित मीडिया सेल के नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। डीएसपी (मुख्यालय 2) ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर निगरानी रखना है। पुलिस की टीम सोशल मीडिया पर किसी पार्टी, प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के सदस्यों से सम्बंधित वैसे पोस्ट अथवा कंटेंट को चिन्हित करेगी जिससे एमसीसी के निर्देशों का उल्लंघन होता हो। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों के खिलाफ विधि अनुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर किसी धर्म, समाज अथवा समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## समाजसेवी सह डीलर दासो महतो का निधन, पीडित परिवार से मिले पूर्व विधायक

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम टाटो निवासी समाजसेवी सह डीलर दासो महतो का अहले सुबह निधन हो गया, जिसकी जानकारी मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो मृतक परिवार से मिल कर तथा गहरा शोक व्यक्त किया



साथ हीं पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। मौके पर मौजूद पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचन्द प्रसाद कुशवाहा ने इन्हे पंचायत व समाज के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया, साथ हीं उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन्होंने अपने गाँव, समाज का सफल नेतृत्व किए थे जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि पुलिस विभाग देवनाथ राणा, अशोक कुमार वर्मा, लक्ष्मी मौर्य, पंकज वर्मा, प्रमोद वर्मा, जीवलाल वर्मा, सहित और कई लोग उपस्थित थे।

## खंडोली में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली में रविवार को सरहुल पर्व धुम धाम से मनाया गया । आदिवासी समाज के महिला पुरूषो ने अपने पारम्परिक तरिके से फुल व पेड का पूजा गीत गाकर की । मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नुनुलाल मरांडी , कर्मिला टुडू मुखिया नुनुलाल मुर्मू मंगल



सोरेन परमेश्वर मरांडी अध्यक्ष सुशीस हांसदा हेमंत टुडू बालदेव हांसदा लालु मुर्मू सुपलाल मुर्मू बदवारा पंचायत मिरुलाल बास्की सहित कई थे । भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नुनुलाल मरांडी ने कहा सरहुल पर्व में प्राकृतिक की पूजा होती है हमारे समाज प्राकृतिक से जुडा है कहा पेड पौधे जीव जंतु नदी नाले को बचाकर रखे ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके । कर्मिला टुडू ने कहा सरहुल में फुल का पूज होता है । अध्यक्ष सुशील हांसदा ने कहा खंडोली में सरहुल पर्व बडे धुम धाम से मनाया गया वहीं गिरिडीह जिले के अलावे अन्य जिलों भी से समाज के लोगों का आगमन हुआ कहा सरहुल पर्व के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।

## बलियापुर बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने किया अंतरराज्यीय चेकनाका का औचक निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निदेशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी बलियापुर आशीष भारती द्वारा संयुक्त रूप से



अंतरराज्यीय चेकनाका का औचक निरीक्षण किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने सर्वप्रथम बलियापुर थाना अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमा से सटे दामोदर नदी घाट पर घड़बड़ चेक पोस्ट, कालीपुर घाट, सरिसा कुंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थित थे एवं वाहनों की जांच की जा रही थी।तत्पश्चात सिंदरी थाना अंतर्गत सिंदरी बस्ती, डोमगढ़ एवं टासरा घाट का भी निरीक्षण किया गया। सिंदरी बस्ती चेक पोस्ट के लिए प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी कुर्बान अंसारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित दंडाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी चेकनाका में सघन जांच करने का निर्देश दिया गया है।

# ईद रामनवमी को लेकर कतरास थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कतरास :** कतरास थाना मे ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों में डीएसपी आनंद ज्योति मिंज एवं थानेदार को शाल ओढा कर सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने कहा कि कतरास के लोग परिवार के सदस्य हैं। पर्व त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस की मदद करें। रामनवमी और ईद पूरे शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। सरकार के गाइडलाइन पूरी तरह पालन होगा। सरकार का जो आदेश होगा उसे सब मिल कर पालन करेंगे। रामनवमी के अखाड़ा को समय सीमा पर समाप्त करनी होगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को खतरनाक खेलों से परहेज करना चाहिए। खतरनाक खेलों का प्रदर्शन नहीं करने की अपील की। ऐसे खेलों का प्रदर्शन ना करें जिसमें जान माल की हानि हो। मौके पर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता देवीलाल सोरेन, नगर निगम से प्रदीप कुमार, रणधीर ठाकुर, पूर्व पार्षद हरिप्रसाद अग्रवाल, जावेद रजा, मुन्ना सिद्दीकी, प्रिंस शर्मा, प्रभात मिश्रा, एतराम कुरेशी, उदय वर्मा, सुरेंद्र सिंह, बबलू बर्मन, मो अफसर उर्फ छोटू, एनुल हक, दिलीप दसौंधी, उदय वर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन मो शहाबुद्दीन ने की।

## स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके तहत झरिया में शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से बालिका मध्य विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया तथा लोगों से मतदान करने एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की गई सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित मतदान क्षेत्र में आज संध्या काल में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। तथा लोगों से मतदान करने हेतु अपील भी की गई।टाटा स्टील के झरिया डिवीजन द्वारा आज आयोजित वेलनेस वॉक के दौरान सभी प्रतिभागियों ने टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर के नेतृत्व में मतदाता शपथ ली। इस दौरान अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। वहीं पूर्वी टुण्डी में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता मे विद्यालय की बच्चियों, शिक्षकों, वार्डन एवं प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी तथा सभी पंचायत सचिव के साथ रैली निकालकर मतदाताओं को वोट करने के लिए जागरूक किया गया।

# लोक सभा चुनाव के समय थानेदार का यह कार्य लोगो को अच्छा लग रहा है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोरपोखर थानेदार राजेश प्रकास सिन्हा ने लोक सभा के चुनावों को देखते हुवे जो अपने छेत्र में मधुर व्यवहार निष्पक्ष कार्यशैली से नगरवासियों के मन में जो जगह बनाई है वो काबिले तारीफ है आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को कानून का पाठ भी सलीके से पढ़ाया है।आगामी होने वाली लोकसभा चुनाव को देखते हुवे पब्लिक रिलेशन जो उन्होने दिखाया है इसको लेकर काफी चर्चा में है 7 जिसका उनको फायदा भी मिल रहा है मामला चाहे एटीम का हो या लोटरी का या अवेध शराब बिक्री का सभी में कही ना कही पब्लिक रिलेशन के कारण ही सफलता मिली है 7 आते ही चोरो को गहरी नींद में सुलाने का जो कार्य किया है इस को लेकार लोगो के दिल में डर को समाप्त किया है लोगो का कहना है की लोक सभा चुनाव को देखते हुवे थानेदार का जो आगमन हुवा है इसे लोगो में शांति पूर्ण तरीके से चुनाव होने की गरंटी दे रहे है 7 प्रतेक दिन हर बूथ



पर जा कर अगल बगल के लोगो से मिलना कोई भी घटना की पूरी जानकारी साझा करने के लिए लोगो को प्रेरित करना लोगो को बहुत अच्छा लग रहा है 7 लोगो का कहना है की ये पहली बार हो रहा है ऐसा होने से किसी तरह की घटना की सुचना प्रशाशन को बहुत जल्दी मिलेगी थाना प्रभारी के इस तरह के कार्य से नगर में रहते हुए निष्पक्ष व निर्भीक तरीके से चुनाव सम्पन्न होंगे।

## राणी सती दादी मंदिर में एकादशी पर मंगल पाठ का हुआ आयोजन

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राणी सती दादी मंदिर मे एकादशी पर पुरुषोत्तम बाबा के पावन चरित्र मंगल पाठ का आयोजन हुआ। मंगल पाठ में राजस्थानी वेशभूषा में दर्जनों महिलाओं ने भाग ली एवं राणी सती दादी की पूजा अर्चना की। राणी सती दादी मंदिर में विद्वान पंडित अजय शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजन कराया। मौके पर शुभम कुमार अग्रवाल, विजय लाल अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुमन देवी, सुशीला देवी, बजरंग लाल अग्रवाल, आशा अग्रवाल आदि उपस्थित थे। देर रात भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों श्रद्धालुओं ने भजन में भाग लिया।



## छाताबाद में दावत-ए-इफ्तार का हुआ आयोजन

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छाताबाद भंडारीडीह मे सामाजिक कार्यकर्ता मो मिराज ने अपने मर्हुम भाई फिरोज अंसारी के याद में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया। मर्हुम फिरोज के पुत्र प्रिंस ने अल्लाह ताला से देश दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार, मैनेजर अमित कुमार, जीटीए मैनेजर चंद्रमा सिंह, वार्ड नंबर 2 पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान, मो शहाबुद्दीन, मंजर आलम, राजेश यादव, रिंकी सरदार, अयोध्या ठाकुर, राजकुमार दास, फिरोज रजा, रियाज कुरेशी, मो शमी, मो वाजिद, मनोज लाला, जाहिर सामी, चंदू मेहता, अभिषेक सिन्हा आदि शामिल थे।



# मिल्लत कमेटी ने किया दावत ए इफ्तार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** गुहीबांध मे मिल्लत कमेटी के द्वारा दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगों ने शिरकत की। आयोजन कमेटी के आमिर खान एवं मो मुजाहिद ने अल्लाह ताला से पूरे दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर दीप नारायण सिंह, अशोक लाल, मो अल्ताफ सिद्दीकी, इकबाल अंसारी, प्रिंस खान, मो इम्तियाज, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद हसनैन, मो असलम, मो सोनू आदि उपस्थित थे।

# रमज़ान में मालिके निसाब पर ज़कात फ़र्ज़ : ग़ुलाम ग़ौस आसवी

**48 हज़ार रुपये से ज़्यादा होने पर होंगे मालिके निसाब**
**दुल्हन को दिए जाने वाले गहनों की ज़कात खुद दुल्हन पर वाजिब**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** रमज़ान का पवित्र माह का आख़िरी अशरा / चरण से गुज़र रहा है। रमज़ान में रोज़े रखने के साथ ही फितरा, ज़कात देने का भी प्रावधान है। हर मुसलमान मालिके निसाब पर ज़कात फर्ज़ है, इसके अदा करने में देर करने वाला बड़ा गुनहगार है। ज़कात माल का मैल होता है, जिस तरह से किसी लोहे की चीज़ पर ज़ंग लगे और उसे छुड़ाया न जाये, तो पूरे उस समान को ही जंग लगा देगा, उसी तरह अगर माल का ज़कात अदा न किया, तो उस पूरे माल से ही बरकत खत्म हो जाती है और वो बिला वजह खर्च हो जाता है पता भी नहीं चलता, जैसा कि अकसर देखा जाता है कि कोई ऐसी बीमारी लग जाती है कि लाखों रुपया खर्च हो जाते हैं, या न जाने किस किस तरह की परेशानी में फंस जाते हैं, लिहाज़ा जैसे ही साल गुज़र जाए, ज़कात अदा करें।

**मालिके निसाब कौन ... ?**

जिस शख़्स के पास 653 ग्राम 184 मिलीग्राम चांदी या उसका मूल्य होता है, वह मालिके निसाब होता है। वर्तमान में यह राशि 48,500/- रुपये है। जिस शख़्स के पास इतने या ज़ायदाद या रुपये का मालिक हों, उसे ढाई प्रतिशत (2.5त्न) की दर से ज़कात देनी चाहिए। जिस शख़्स के पास चाँदी नहीं है, केवल सोना और रुपये हैं, उसे सोने के मूल्य की तुलना उस धन से करनी चाहिए, जो उसके पास है। निसाब पूरा होने पर ज़कात अदा करे, वरना अफ़्व/ माफ़ है। मायके की ओर से दुल्हन को दिए जाने वाले गहनों की ज़कात खुद दुल्हन पर वाजिब होती है या उसका शौहर या बाप, भाई वगैरह उसकी इजाज़त से दें और उसके शौहर को अपने ससुराल से प्राप्त गहनों की ज़कात देनी चाहिए, क्योंकि वह उर्फ़े नास के पेशे नज़र इन गहनों का मालिक वही है।जिनके अपने खाते में रुपये हैं, या किसी बैंक या पोस्ट ऑफिस में जमा फिक्स हैं, या किसी और का क़र्ज़ या दैन है, या किसी दुकान या घर के मालिक के पास सुरक्षा (ज़मानत) के रूप में जमा है, उनकी ज़कात भी वाजिब है। जिसने भी ये रुपए दिए या जमा किए हैं, वह अपनी ज़कात अदा करे।

# असफर्ी कैंसर संस्थान के डॉक्टर ने स्वास्थ्य को लेकर समाज हित में दिये संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



डॉ विप्लब मिश्रा



डॉ रमेश कुमार

**धनबाद :** हर वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर असफर्ी कैंसर संस्थान के रेडिएशन ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. विप्लव मिश्र और मेडिकल ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. रमेश कुमार ने लोगों के स्वास्थ्य को लेकर समाज हित में संदेश दिए हैं। डॉ. विप्लव मिश्र ने कहा है कि भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में सजग रहना बहुत जरूरी है। देश में इस विकट बीमारी के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता और जांच महत्वपूर्ण घटक बनकर उभरे हैं। कैंसर का शीघ्र पता लगाने, समय पर उपचार और इसके बेहतर परिणाम के लिए जागरूकता और स्क्रीनिंग कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। कहा कि हाल के वर्षों में भारत में विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने आबादी के विभिन्न वर्गों को लक्ष्य में रखकर व्यापक कैंसर जागरूकता अभियान शुरू किए हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को कैंसर से जुड़े जोखिम कारकों, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और कैंसर का शुरुआती चरण में पता लगाने के लिए नियमित जांच कराने के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भारत में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का प्राथमिक उद्देश्य इस बीमारी से जुड़े मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करना है। सांस्कृतिक मान्यताओं और सीमित जानकारी के कारण भारत में कई लोग कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज नहीं कराकर इस बीमारी को मौत समझ बैठते हैं। जागरूकता कार्यक्रम कैंसर से जुड़ी धारणाओं को दूर कर रहा है और बिना देरी किए चिकित्सा सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसके अलावा कैंसर जागरूकता अभियान और स्क्रीनिंग कार्यक्रम कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस अभियान या कार्यक्रम का उद्देश्य स्तन, गर्भाशय ग्रीवा और मुंह के कैंसर जैसे सामान्य कैंसर के लिए जांच करने के लिए प्रेरित करके शुरुआती चरण में कैंसर की पहचान और उपचार करने के लिए प्रेरित करना है। वहीं मेडिकल ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. रमेश कुमार ने समाज को दिए अपने संदेश में कहा है कि भारत में कैंसर काफी तेजी से फैल रहा है। इसके फैलने के दो कारण हैं। पहला परिवर्तनीय और दूसरा गैर परिवर्तनीय। परिवर्तनीय कारकों को बदला जा सकता है और गैर परिवर्तनीय कारकों को बदला नहीं जा सकता। परिवर्तनीय कारकों में हमारे लाइफ स्टाइल से जुड़ी चीजें शामिल हैं जैसे सिगरेट, गुटखा, शराब, प्रदूषण, मिलावटी खानपान, स्वस्थ जीवन शैली नहीं रखना, मोटापा और कुछ अन्य। गैर परिवर्तनीय कारकों में आनुवंशिक उत्परिवर्तन, फैमिली में किसी को कैंसर, आनुवंशिक उत्परिवर्तन समेत शरीर में होने वाले विभिन्न तरह के बदलाव शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोगों से अपील है कि परिवर्तनीय कारकों जैसे धूम्रपान, नशा का सेवन, खानपान में मिलावटी चीजों का इस्तेमाल, प्रदूषण, दिनचर्या को संतुलित नहीं रखना, इन सबसे बचकर रहें। तभी हमलोग कैंसर को हरा सकते हैं।बता दें कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की 2024 की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार को ध्यान में ऱखकर धनबाद का विश्वसनीय असफर्ी कैंसर संस्थान काम कर रहा है। इस संस्थान की कोशिश है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके में लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे लोग कैंसर से बच सके। अगर किसी को अपने शरीर में कैंसर का लक्षण दिखे तो समय पर जांच और उपचार कराए। पहले स्टेज में कैंसर का पता चलने पर ठीक होने की पूरी संभावना रहती है।

# विपक्ष मुक्त शासन की मंशा लोकतंत्र के लिए खतरनाक : आप

## अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में आप का सामूहिक उपवास

**पप्पु वर्मा @प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत में पिछले दस सालों से जिस तरह से केन्द्र सरकार के द्वारा विपक्ष को कुचलने का काम किया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने रविवार को कही। वे अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ गिरिडीह में आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में सामूहिक उपवास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा , सड़क दुघर्टना में




घायल लोगों के मुफ्त इलाज के लिए फ़रिश्ते योजना जैसी जनहित की योजनाओं का बीजे पार्टी के पास जवाब नहीं है। दस सालों के शासन का हिसाब नहीं है। इसलिए विपक्ष के नेताओं को केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर जेल में डाला जा रहा है। ताकि लोकसभा चुनाव में वो इनकी नाकामियों को कोई उजागर नहीं कर पाये। श्री शर्मा ने कहा कि जो कानून आतंकवादियों के लिए बनाया गया था जिसमें बेल का प्रावधान नहीं था, उस कानून का विपक्ष के ईमानदार नेताओं पर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। जनता सब देख रही है। आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि भाजपा देश में तानाशाही स्थापित करना चाहती है यह देश की जनता कभी होने नहीं देगी। यह भगत सिंह की धरती है जहां के युवा हंसते हंसते अपनी जान न्यौछावर कर देते हैं। जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने देश को विकास का एक मॉडल दिया है और तानाशाह सरकार ने उनको जेल में डाल दिया है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल कर रही है। देवरी प्रखण्ड अध्यक्ष कासिम अंसारी ने कहा कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। तिसरी प्रखंड अध्यक्ष राजू मंडल ने कहा कि विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को जेल में डालना तानाशाही है। बेंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश टुडू ने कहा कि तानाशाही और जेल का जवाब जनता वोट से देगी। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष मो कबीर, गिरिडीह विधानसभा उपाध्यक्ष मुर्शीद मिर्जा, फुटपाथ नेता सोहराब रैन, मो शम्स, राहुल शर्मा, परवेज आलम, तिसरी प्रखंड किसान मोर्चा के अध्यक्ष बिनोद राय, असगर अंसारी, इम्तियाज अंसारी , नरेश कुमार, पंकज सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिरनी मॉडल कॉलेज की जमीन का मामला बिचौलियों के चंगुल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** गिरिडीहबिरनी प्रखण्ड के पलॉन्जिया स्थित मॉडल कॉलेज की जमीन का मामला बिचौलियों के चंगुल से कोई भी पदाधिकारी निकलने में असमर्थ दिख रहे हैं। ज्ञात हो कि पलॉन्जिया मॉडल कॉलेज के लिए कुल 10 एकड़ जमीन अधिकृत किया गया है। किंतु ठीकेदार तथा बिचौलियों की मिली भगत से सिर्फ 6 एकड़ जमीन का ही चहारदीवारी की गई है। जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा कई बार किया गया। बहरहाल बिरनी सीओ सारांश जैन के अगुवाई में चार से पांच बार नापी हो चुकी है। बावजूद इसके अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है। जिस कारण ठीकेदार द्वारा कोलेज की चहारदीवारी भी पूरी नहीं हो सकी है। ज्ञात हो कि सत्र 2023-24 में शिक्षण शुरू करने के लिए दर्जनों बच्चों का नामांकण किया गया। जिसके लिए लाखों की लागत से कॉलेज में मेज, कुर्सी, सोलर लाइट, कम्प्यूटर आदि सामग्री लगाया गया है। लेकिन चाहरदिवारी के अभाव में लाखों की सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था में सवाल खड़ें हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं भाजपा नेता**

भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष राजदेव साव ने कहा कि



बिचौलियों द्वारा जमीन की लूट कर शिक्षण संस्थान को भी नहीं बक्सा जा रहा है। यह निंदनीय हैं। कहा कि प्रखण्ड के अन्य जगहों पर आए दिन गैरमजरूआ जमीन की लूट की खबरे आती रहती है। फिलहाल विभाग की सुस्त रवैये से कुछ कहा नहीं जा सकता है। चूंकि सम्बन्धित पदाधिकारी अपने वरीय पफधिकारियों पर ठीकरा फोड़ अपना काम से बचते नजर आ रहे हैं।बता दें कि बिरनी अंचलाधिकारी खबर लेने या अन्य चीजों की जानकारी के लिए उन्हें फोन किया जा है लेकिन उनके द्वारा न तो फ़ोन रिसीव किया जाता है न ही फोन का कभी भी रिप्लाई दिया जाता है। जिससे उनके कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी हो जाता है।फिलहाल कॉलेज की सुरक्षा तथा जमीन बिचौलियों के चंगुल में फंसा पड़ा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


### भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कैरो प्रखंड के विभिन्न गांवो का किया तुफानी दौरा

# कहा, दुनिया के विकसित देश भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी से विश्व की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ते है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 अप्रैल रविवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र 2024 के भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी राज्य सभा सांसद एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री समीर उराँव ने कैरो प्रखंड के विभिन्न गाँवो का दौरा कर सिधे जनता से हुए रूबरू। इस अवसर पर समीर उराँव ने सर्वप्रथम प्रखंड के हनहट पंचायत के पहाड़ के तलहटी मे बसे गाँव हूद्दू गाँव पहुँचे जहाँ मुखिया श्रवण मुंडा समेत गाँव के ग्रामीणो ने पारम्परिक ढोल मानदर गाजे-बाजे के साथ स्वागत कर मंच तक लाया गया जहाँ उन्हे ग्रामीणों ने शाल,माला व बुके देकर जोरदार ढंग से किया स्वागत। इस अवसर पर जनता को



सम्बोधित करते हुए लोकप्रिय, इमानदार, कर्तब्यनिष्ठ लोहरदगा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी समीर उराँव ने कहा कि आज भारतीय संसकृति की महता को दुनिया मह्शुस कर रहा है,दुनिया के अनेको विकसित देश नरेन्द्र मोदी जी से विश्व की समस्याओं का समाधान धुंढ़ते हैं। उन्होने कहा कि एक तरफ गाँव, गरीब, किसान के विकास के साथ देश की बुनियादी सुविधाएँ सड़क, विजली, पानी, सिंचाई, स्वास्थ, शिक्षा, के क्षेत्र मे भारत पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे वैश्विक पहचान बनाने मे कामयाबि हासिल की वही,भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा भी मोदी के शासनकाल मे हुई मजबूत। आतंकवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है, गलबान घाटी का जबाब चीन कभी भुला नहीं पायेगा। रुस युक्रेन युद्ध मे दुनिया के कई देशो के लोग भारत की झंडा लगा-लगाकर अपनी जान बचा पाये, यह है मोदी जी के कुशल नेतृत्व का परिणाम। प्रत्याशी समीर उराँव ने जनता से कहा अबकी बार जनता ने कहा 400 पार, प्रत्याशी ने कहा अबकी बार जनता ने कहा फिर से मोदी सरकार। उन्होने प्रखंड के हुद्दू, हनहट, गितिलगढ़, खरता, टाटी, सढ़ाबे एडादोन, कैरो, चाल्हो महूवरी, गजनी, नरौली, नगजुवा, अम्बवा समेत अनेको गाँवों का तुफानी दौरा कर जनता से भाजपा प्रत्याशी समीर उराँव ने लिया आशीर्वाद। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी नवीन कुमार टिंकु, राजेन्द्र महतो, हीरा सिंह, सुखन उराँव, मोहन साहू, गोविंद महतो, संजीव शुक्ला समेत अनेको भाजपा कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी राज्यसभा सांसद समीर उराँव के तुफानी दौरा मे उपस्थित थे।

# आदिवासी धरोहर को बचाए और समाज से नशापान को दूरी बनाए : राधा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड स्तरीय सरना मैदान अरू में केंद्रीय सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन पड़ाहा समिति, आदिवासी छात्र संघ एवं प्रार्थना सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि 12 पड़ाहा सेन्हा राजा शिवचरण उरांव एवं चैतू मुंडा, विशिष्ट अतिथि राजी पड़ाहा उप दीवान अनिल भगत,उप बेल शंकर टाना भगत, जिप सदस्य राधा तिर्की, धर्म अगुवा तिजनारायण उरांव, बालमुनी उरांव के द्वारा प्रार्थना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में प्रखंड क्षेत्र से करीब 33 खोडहा नृत्य दल ने अपने अपने पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ नृत्य कला व गीत संगीत पेश किया। साथ ही सभी खोडहा दलो को सम्मानित किया गया। समारोह में सरना समाज के धरोहर, भाषा संस्कृति नेग-चार आदि को बरकरार रखने और जागृति लाने व दिलाने वाले कार्यकर्ताओं को




साड़ी, धोती गमच्छा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरना समाज का उत्थान के लिए नशा को त्याग करना होगा। जिसके लिये अपने अपने बच्चे बच्चियों को अच्छे संस्कार और शिक्षा दें। आज के दौर में बच्चे बच्चियों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। आजकल के युवा नशा पान कर रास्ता भटक रहे हैं। अपने आदिवासियों को अपने संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में सेन्हा प्रखंड के इचरी टेंगरिया, सेन्हा उरांव मुहल्ला, चौकनी, नौदी, अरू, कल्हेपाट, भडगांव, कोराम्बे, कुन्दगडी, झखरा, बुटी, उगरा सहित 33 खोडहा दल शामिल हुए। मंच संचालन गोपाल उरांव और कमलेश्वर उरांव के द्वारा किया गया। मौके पर अध्यक्ष बालेश्वर उरांव, सचिव रामावतार उरांव, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश उरांव, अरू मुखिया राजश्री उरांव, कुलेश्वर उरांव, दुखिया उरांव, भीम उरांव, देवठान उरांव, दीपक उरांव, सबनम उरांव, नीलमनी उरांव, चमरा पुजार सहित अन्य सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष व बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

# कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता विजय टोप्पो का निधन, विधायक भूषण बाड़ा ने जताया शोक

### अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुई जिप सदस्य जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ प्रखंड के डोभापानी गांव निवासी विजय टोप्पो का शनिवार को निधन हो गया। पूर्व शिक्षक सह पूर्व वार्ड सह कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता विजय के असमायिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। विधायक भूषण बाड़ा सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। विधायक ने कहा कि विजय बेक के निधर से कांग्रेस परिवार के अलावे समाज को भी काफी क्षति हुई है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। इधर उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। उन्होंने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिजनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। मौके पर जोसिमा ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर अजित लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि माईकल खड़िया, जोसेफ बिलुंग, बसंत, 20 सूत्री अध्यक्ष तारसिला खड़िया, प्रतिमा कुजूर, अनिल कुजूर, लीला नाग, जूली लुगून, रोशनी आदि ने भी अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए।

# रामनवमी मेला आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डॉडू में रामनवमी मेला आयोजन को लेकर मिथलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में 17 अप्रैल को भव्य तरीके से मेला और अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता आयोजित करने को लेकर चर्चा किया गया। वही मिथलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार डॉडू में वर्ष 1971 ई.से रामनवमी मेला लगना प्रारम्भ हुआ था। प्रारम्भ में मेला लगाने के लिये पेट्रोमैक्स जला कर और गांव गांव घूम कर लोग मेला आने का निमंत्रण देते थे.परन्तु अब धीरे धीरे बदलाव हुआ। आज भी मेला से पूर्व लगातार दो दिन सप्तमी व अष्टमी को ढोल नगाड़ा और बैंड बाजा के साथ पारम्परिक अस्त्र शस्त्र लेकर जुलूस भ्रमण कर ग्रामीण भक्तों द्वारा मेला आने के लिये निमंत्रण दिया जाता है। जिस कारण से लगभग 53 वर्षो से भव्य



मेला का आयोजन हो रहा है। साथ ही बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आपस मे चन्दा कर कुछ वर्षो से मेला में आये सभी अखाड़ा को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया जाता है। तथा मेला में आये सभी ग्रामीण भक्त जनों के लिये चना गुड़ शरबत का व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। इस बार भी भव्य तरीके से मेला आयोजित करने के लिये आगामी 11 अप्रैल को केंद्रीय कमिटी के बैठक बाजार डॉडू स्थित मेला टांड में आयोजित करने की बात कही। मौके पर राजेन्द्र नायक, रामदेनी नायक, मनोहर नायक, बिनोद नायक, नितेश नायक, जनक नायक, गोपाल नायक, रामप्रताप नायक, श्याम प्रताप नायक, रोहन, प्रमोद, रामशरण नायक, रामदेव नायक, मोहन नायक सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# लापता मुखबधिर बच्ची का शव घर के बगल में स्थित तलाब में मिला, पुलिस जांच में जुटी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की ग्राम निवासी मनीजर उरांव की 6 वर्षीय मुखबधिर बच्ची बिरमन्ती उरांव पांच अप्रैल दिन शुक्रवार से अपने घर से लापता थी। जिसे मनीजर उरांव गांव के ग्रामीणों और अपने परिवार वालों का सहयोग ले कर खोज बीन कर रहा था। साथ ही बच्ची की गुमशुदा होने का खबर आवेदन के माध्यम से थाना की दिया था। परन्तु रविवार की सुबह घर के बगल में लगभग 50 फिट की दूरी पर स्थित शुक्ला तलाब में बच्ची का शव तैरते दिखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने सेन्हा थाना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही एएसआई एलबिना लकडा ने घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। वही प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लापता बच्ची का शव मुरकी ग्राम स्थित मृतक बच्ची के घर का बगल में स्थित शुक्ला तलाब से मिला है। वही परिजनों का कहना है की बच्ची शौच के लिए गई थीं जिसे तलाब में डूबने से बच्ची का मौत हुआ है। वही शव का पोस्टमार्टम के लिये भेज पुलिस अग्रतर करवाई जुट गई है।

# कोर्ट के आदेश पर भंडरा थाना पुलिस ने अभियुक्त घर चिपकाया इस्तेहार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के ग्राम सोरंदा में अभियुक्त शाहिद अंसारी पिता करीम अंसारी के घर पर भंडरा थाना ने इश्तहार चिपकाया है।जिसमें बताया गया है कि 02/22 दिनांक 14 दिसंबर 2022 धारा 363/370/323/120 भाज़्दज़्विज़्के तहत 1 अप्रैल 2024 को न्यायालय के सामने प्रस्तुत होना था, परंतु अभियुक्त न्यायालय के सामने अपना उपस्थित नहीं दे सका जिस कारण पुलिस ने इश्तिहार चिपकाते हुए न्यायालय के सामने प्रस्तुत होने की बात कही है। वही इस्तेहर चिपकाने के बाद भी अभियुक्त न्यायालय के सामने हाजिर नहीं होता है तो फिर कोर्ट निम्नानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट जाएगी।

# ईद व सरहुल मनाने को लेकर शांति समिति का हुआ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना परिसर में ईद व सरहुल को लेकर अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। वही सीओ राकेश कुमार तिवारी ने शांति समिति के सदस्य व आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार में एक-दूसरे की आस्था का ख्याल रखें और सभी लोग आपस मे मिलजुलकर खुशी के साथ पर्व त्यौहार मनाये। खुशी की बात है की ईद और सरहुल का पर्व एक साथ मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस लिये प्रेम से भाईचारा के साथ आपस मे मिल जुल कर पर्व त्यौहार मनाने से खुशी दोगुनी हो जाती है। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेंदात शंकर ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी शांति पूर्वक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाये साथ ही कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग शांति भंग करने के उद्देश्य से अफवाह न फैलाये तथा त्यौहार के दौरान डीजे व साउंड पर नियंत्रण रखें और आपत्तिजनक भड़काऊ गाना न बजाएं। साथ ही कहा कि नशापान पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। असमाजिक तत्वों पर प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन पैनी नजर है। साथ ही शांति समिति के सदस्यों और आम जनों से भी पर्व पर क्षेत्र के माहौल के बारे में जानकारी लिया गया।

# सड़क दुर्घटना में शमशेर अंसारी की पत्नी व बच्चें की हुई मौत की खबर सुन मौके पर पहुंचे कांग्रेसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड किस्को हृदय टोली निवासी शमशेर अंसारी एवं उनकी पत्नी एवं बच्चे ईद की तैयारी हेतु लोहरदगा मार्केट जा रहे थे उसी क्रम में कुटमु लिवेंस एकेडमी के समक्ष ट्रेलर से दुर्घटना हो गई जिसमे मौके पर उनकी पत्नी एवं बच्चे की मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यालय से लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व विधायक सुखदेव भगत, झारखंड राज्य के पूर्व मंत्री बंधू तिर्की, लोहरदगा लोकसभा के कोऑर्डिनेटर प्रदीप तुलस्यान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, बेलस तिर्की, नेसार अहमद, अजय शाहदेव, जगदीप भगत, साजिद अहमद चंगू, पवन गौतम, कुणाल अभिषेक सहित अनेक कांग्रेसी अस्पताल पहुंचकर वहां पर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। मौके पर श्री भगत ने कहा यह घटना काफी मर्माहत करने वाली घटना है। इस दुख के घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है। इस दौरान श्री भगत ने लोहरदगा सिविल सर्जन से वार्ता कर घायल का समुचित इलाज कराने एवं 5 बजे से पहले पोस्टमार्टम करने का आग्रह किया।

# भाजपा नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड कोचेडेगा पंचायत के भण्डार टोली में पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के द्वारा लोगों को लाभार्थी योजना के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई, एवं केंद्र में फिर से मोदी जी की सरकार बनाने के लिए लोगों को अवाहन किया। ग्रामीणों ने मोदी जी को पुनः केंद्र में सरकार बनाने का संकल्प लिया एवं श्री बेसरा को ग्रामीणों के द्वारा पानी की समस्या को लेकर चापाकल खराब होने की जानकारी दी गई । श्री बेसरा ने तत्क्षण खराब चापकल को मरम्मती करने के लिए विभाग को जानकारी देते हुए मरम्मती करने के लिए कहा। मौके पर जिला से ओमप्रकाश साहू, दीप नारायण दास, अमरनाथ बाम्बलिया, चंदन कसेरा, बाबुल साहा ओम प्रकाश शर्मा,करन सिंह, लालदेव बड़ाईक, रंजीत साहु, कमलेश गोप, एवं ग्राम के अनेकों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# कर्मचारी महासंघ के महासचिव सुदेश कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा के तत्वावधान में पेंशनर भवन में महासचिव स्व0 सुदेश कुमार को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके ब्यक्तिगत परिवार एवं महासंघ परिवार को दुःख सहने की कामना की गई। वे 57 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नि सहित एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गये। स्व0 कुमार अपनी एवं सांगठनिक कर्मठता से अपने विभाग के चतुर्थवर्गीय से लेकर पदाधिकारियों तक को पद का प्रोन्नति दिलाकर अविस्मरणीय कार्य किया। वे सरकारी कार्यों के निष्पादन में भी पीछे नहीं रहते थे। राँची जिले में लॉ एण्ड आर्डर की ड्युटी तथा परिवीक्षण कार्य के वे माहिर योद्धा थे।उनके बिना वह कार्य सफल नहीं होता था।यही कारण था कि जिला प्रशासन अंतिम समय तक वह कार्य लेते रहे।

# सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 95 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल व महिला एवं दंत विशेषज्ञ डॉ अंजली सुमन ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम,वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 45 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष ने डॉअंजली सुमन को सेवा भारती के मासिक पुस्तिका, कलम-डायरी देकर सम्मानित किया, और दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के




लिए नियमित रूप से सुबह-सुबह टहलें और योग एवं व्यायाम करने से शरीर फुर्तीला रहता है,और कहा कि मानव का सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहने से बीमारी का पता चलता है। डॉ अंजलि सुमन ने कही की बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है, और गर्मी में फ्रिज का पानी पीने से बचें, ठंडे पानी से दांतों के साथ-साथ अन्य और बीमारियां होने की संभावना रहती है। सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग आकर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ अंजली सुमन, जयप्रकाश शर्मा, अजय पोद्दार, देशराज गोयल, सत्यम सर्राफ, मीना देवी, अंजलि सर्राफ, मनमोहन प्रसाद, अतुल सर्राफ, सुंदर देवी, मनोज अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, मोतीलाल अग्रवाल, तपेश्वर अग्रवाल, अनूप महतो, कंचन कुमार, मनोज प्रसाद, रमेश महतो, रेणु देवी, नारायण साहू, कृष्ण प्रसाद, अशोक अग्रवाल, रविंद्र महाली, चंदन कुमार, नंदलाल साहू, माधुरी देवी, रामचंद्र गिरी, प्रभु दयाल साहू, सोनिया पोद्दार, संध्या अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद साहू, मीना देवी, देवनारायण प्रसाद, उदय कास्यंकार, रमेश शर्मा, नेहा शर्मा, राजेश अग्रवाल, सुमित कुमार,ड ोमन चंद्र कर्मकार, महिमा मिंज, आरोही अग्रवाल आदि थे।

### कांग्रेसियों ने लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर की चर्चा

# संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरि कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम चुनाव जीतेंगे : सुखदेव भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी हेतु बैठक जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई। इसमें 2024 लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, लोकसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप तुलस्यान, विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की शामिल हुए। सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की यहां कांग्रेस की जड़ें बहुत गहरी है यहां श्री धीरज प्रसाद साहू तीन बार के राज्यसभा सांसद रहे हैं डॉ



रामेश्वर उरांव यहां के मंत्री हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता हमारी पूंजी है और कार्यकर्ताओं के बदौलत ही लोकसभा का चुनाव जीतेंगे। यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। बंधु तिर्की ने कहा भाजपा सिर्फ झूठा वादा करती हैं परंतु कांग्रेस पार्टी जो वादा करती है उसे हर हाल में पूरा करती है। कांग्रेस पार्टी का जो घोषणा पत्र है 5 गारंटी 25 न्याय उसे कांग्रेस पार्टी हर हाल में पूरा करेंगी। प्रदीप तुलस्यान ने कहा पूरे लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की लहर है सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरे तन मन के साथ चुनाव प्रचार में लग जाए। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा की प्रखंड से लेकर पंचायत तक हमारा संगठन काफी मजबूत है विगत 5 वर्षो से लगातार जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने काम किया है। इंडिया गठबंधन के सभी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल कम्युनिस्ट पार्टी मिलकर यहां से भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। यहां से भाजपा कमजोर है इसी के चलते वह अपना प्रत्याशी बदले हैं। मौके पर विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर अजय शाहदेव, नेसार अहमद, जगदीप भगत, मोहन दुबे, रीना देवी, संदीप गुप्ता, पवन गौतम, सामूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद साहू, हाजी सदरुल अंसारी, कुणाल अभिषेक, नंदकिशोर शुक्ला, युनुस अंसारी, विनोद खेरवार, जुगल उरांव, अनीश खान, अनिल उरांव, रविंदर सिंह, हाजी सिकंदर अंसारी, जयनाथ साहू, शंभू प्रजापति, मुजम्मिल अहमद, दीपक महतो, बैद्यनाथ पांडे, रोहित उरांव, मनोवर आलम, महावीर उरांव, मुजाहिद अंसारी,रंजीत लकड़ा, प्रसाद उरांव, लाल राजेश नाथ शाहदेव, काले उरांव, कबीर अंसारी, संजय मुखर्जी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मणिपुर में सन्नाटा........

## न रैली हुई और न ही पोस्टर दिख रहे




एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने में 2 हफ्ते से भी कम समय बचा है, लेकिन न तो राज्य में राजनीतिक दलों के पोस्टर दिख रहे हैं, न बड़ी रैलियां हो रही हैं। यहां तक कि सूबे में नेताओं की आवाजाही भी नहीं दिख रही है। राज्य में चुनाव के नाम पर केवल स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों के लगाए कुछ होर्डिंग दिख रहे हैं, जिनके जरिए लोगों से मताधिकार के इस्तेमाल का अनुरोध किया गया है। खामोश चुनावी माहौल के बीच राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता प्रचार के लिए राज्य का दौरा करने से परहेज कर रहे हैं।

### किसी बड़े नेता ने नहीं किया मणिपुर का दौरा

एक ओर जहां बीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसी प्रमुख हस्तियों को स्टार प्रचारकों के रूप में सूचीबद्ध किया है, वहीं कांग्रेस के प्रचारकों की सूची में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं। हालांकि किसी ने भी अब तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है। मणिपुर निर्वाचन आयोग ने इस कहा है कि प्रचार गतिविधियों पर कोई आधिकारिक रोक नहीं है, हालांकि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि राज्य में नाजुक स्थिति को बिगड़ने से बचाने के लिए कम प्रचार कर रहे हैं।

### चुनाव प्रचार पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा है

मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदीप झा ने बताया, निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव प्रचार पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। आदर्श आचार संहिता के दायरे में आने वाली किसी भी चीज की अनुमति है।% मुश्किल स्थिति से निपटने के लिए बीजेपी के उम्मीदवार थौनाओजम बसंत कुमार सिंह, कांग्रेस के अंगोमचा बिमोल अकोइजम, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के महेश्वर थौनाओजम और मणिपुर पीपुल्स पार्टी समर्थित राजमुकर सोमेंद्रो सिंह अनोखे समाधान के साथ आगे आए हैं। वे गैर-पारंपरिक तरीके से मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं जिसमें उनके आवास या पार्टी कार्यालयों में बैठकें आयोजित करना और समर्थकों का घर-घर जाकर प्रचार करना शामिल है।

### मतदाता अपने वोट के महत्व को जानते हैं

घर-घर प्रचार के लिए स्वयंसेवकों की टीमों को तैनात करने वाले महेश्वर थौनाओजम ने कहा, 'बेहतर होता अगर मैं जनसभाओं को संबोधित करता और रैलियां करता, लेकिन मैंने अभियान को सीमित रखने का फैसला किया है। मौजूदा स्थिति में मतदाता अपने वोट के महत्व को जानते हैं और सोच-समझकर चुनाव करेंगे।' राज्य के निवर्तमान शिक्षा एवं कानून मंत्री बसंत कुमार सिंह इस बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह अपने आवास और पार्टी कार्यालय में छोटी-छोटी बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अकोइजाम ज्यादातर अपने आवास पर लोगों से मिलते हैं।

### सूबे में 3 मई को शुरू हुआ था जातीय संघर्ष

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी भी तरह का जोरदार अभियान राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए हानिकारक हो सकता है। अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा, 'हालांकि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी तरह का जोरदार अभियान राज्य की कानून-व्यवस्था के लिए हानिकारक हो सकता है और कोई भी पार्टी यह जोखिम नहीं लेना चाहती है।' स्त्र का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद पिछले साल 3 मई को राज्य में शुरू हुए जातीय संघर्ष में कम से कम 219 लोग मारे गए हैं।

### शिविरों में नहीं पहुंच रहे उम्मीदवार

मणिपुर में 19 और 26 अप्रैल को दो चरण में होने वाले लोकसभा चुनावों ने विस्थापित आबादी की मतदान व्यवस्था पर ध्यान आकर्षित किया है। राहत शिविरों में मतदान की व्यवस्था की जा रही है, हालांकि उम्मीदवारों ने अभी यहां का दौरा नहीं किया है। दो बच्चों की मां और मैतेई बहुल क्नाकीथेम क्षेत्र में एक राहत शिविर में रह रहीं दीमा ने कहा, 'पार्टियों के कुछ कार्यकर्ता एक या दो बार आए हैं लेकिन कोई उम्मीदवार नहीं आया।' इस बीच, कुकी समुदाय बहुल मोरेह और चुराचांदपुर जैसे क्षेत्रों में भी ऐसे ही हालात हैं। कुछ कुकी गुटों और सामाजिक समूहों ने चुनावों के बहिष्कार का भी आह्वान किया है।

## केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग दिल्ली हाई कोर्ट में एक और याचिका दायर




एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच इस याचिका पर 08 अप्रैल को सुनवाई करेगी। यह याचिका आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत हुई है। इस गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम करने में सक्षम नहीं हैं। केजरीवाल की अनुपस्थिति से संवैधानिक बाधा उत्पन्न हो गई है, क्योंकि वे जेल से मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते हैं। याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 239एए(4) के प्रावधानों के मुताबिक उप राज्यपाल को सलाह देने वाले मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री ही होता है। केजरीवाल के जेल में रहने के बाद उप-राज्यपाल को सलाह देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। ऐसे में केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का आदेश जारी किया जाए। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली इसके पहले दो याचिकाएं खारिज कर चुका है। पहली याचिका सुरजीत सिंह यादव ने दायर की थी। दूसरी याचिका विष्णु गुप्ता ने दायर की थी। हाई कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि जेल जाने के बाद किसी को मुख्यमंत्री पद से हटाया जा सकता है। विष्णु गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि ये मुख्यमंत्री केजरीवाल को फैसला करना है कि वो राष्ट्रहित में क्या फैसला करते हैं। व्यक्तिगत हितों से राष्ट्रहित ऊपर रखना चाहिए।

## रामपुर की चुनावी फिजाओं में क्यों पसरा है सन्नाटा?



एजेंसी

**लखनऊ :** सियासी नजरिए से बात करें तो कभी मौलाना अबुल कलाम आजाद और आजम खान को संसद भजने वाला रामपुर इस चुनाव में खामोश नजर आ रहा है. यहां के सियासी फिजाओं में एक अजीब सा सन्नाटा पसरा है. कोई कह रहा कि ये रमजान में रोजे की खामोशी है, तो कोई कहता है आजम खान के चुनाव से दूर होने की मायूसी है. रामपुर में चुनाव प्रचार भी इतनी खामोशी से चल रहा है कि कई लोगों को मालूम ही नहीं कि यहां 19 अप्रैल को वोटिंग होने वाली है. लेकिन इन खामोशियों के बीच भी धीरे-धीरे चुनाव अपनी रफ्तार पकड़ रहा है. सपा ने मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है, तो बीजेपी ने एक बार फिर घनश्याम सिंह लोधी पर अपना दांव लगाया है. बसपा ने जीशान खां को यहां से अपना प्रत्याशी बनाया है. हर बार आजम खान की मौजूदगी रामपुर में चुनाव को खास बनाने के लिए काफी हुआ करती थी. आजम खान बोलते रामपुर में थे, लेकिन चर्चा देशभर में होती थी. क्योंकि उनके कटाक्ष और लतीफे उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को अंदर तक भेदते थे. रामपुर के लोग इस बार समझ ही नहीं पा रहे कि आखिर ऐसा क्या हुआ क्या जो आजम खान ने यहां से अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा. क्या यह उनका कोई सियासी दांव है या फिर सचमुच अखिलेश यादव ने रामपुर में उन्हें पठखनी दे दी है. यानी मुरादाबाद में आजम खान ने अखिलेश को झुका दिया, तो अखिलेश ने उसका बदला रामपुर में आजम खान के घर में ही निकाल लिया. रामपुर से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मोहिबुल्लाह नदवी कतई आजम खान की पसंद नहीं थे. वह अखिलेश यादव की एक दूसरी मुस्लिम लॉबी के पसंद थे, जो मुरादाबाद मंडल के प्रत्याशी तय कर रही थी. इसी लॉबी ने रातोंरात मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर का सपा उम्मीदवार बना दिया. कहा जाता है कि इसी लॉबी ने मुरादाबाद में एसटी हसन को किनारे लगाया और इसी लॉबी ने आजम खान के घर की सीट पर भी उनकी नहीं चलने दी. मोहिबुल्लाह नदवी दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट स्थित जामा मस्जिद की इमामत करते रहे हैं. लेकिन रमजान के इस महीने में उनको सियासत करनी पड़ रही है और दरवाजे-दरवाजे वोट मांगना पड़ रहा है. लेकिन रामपुर के लोग इस प्रत्याशी और उसके साथ चलने वाले लोगों को पहचान ही नहीं पा रहे. क्योंकि ज्यादातर बाहर के चेहरे हैं, और आजम खान ने सीतापुर जेल में चुप्पी साध रखी है.

**आजम-अखिलेश की कलह को मुद्दा बना रहे बीएसपी प्रत्याशी:** लोधी सामाजिक सद्भाव की बात करते हैं और खुद को हिंदू-मुस्लिम की सियासत से हमेशा दूर बताते हैं. उनका मानना है कि इस बार मुसलमान भी पीएम मोदी के काम को देखते हुए उन्हें ही वोट करेगा. पिछले उपचुनाव में रामपुर में बसपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था. ऐसे में दलितों का एक बड़ा वोट बैंक बीजेपी को चला गया था. लेकिन इस बार मायावती ने मुस्लिम चेहरे जीशान खां पर दांव लगाया है. जीशान खां मायावती से कहीं ज्यादा आजम खान के भरोसे वोट मांग रहे हैं. बीएसपी उम्मीदवार को लगता है कि आजम खां के समर्थक अंदर खाने बसपा को वोट करेंगे. ऐसे में बसपा उम्मीदवार रामपुर में आजम खान और अखिलेश की आपसी कलह को मुद्दा बना रहे हैं.

## हैदरनगर में भाजपा का कार्यकर्ता संमेलन संपन्न

# तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने के लिए अपना वोट जरूर दें : मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** केन्द्र सरकार ही अब तक सुदूर क्षेत्र में बहुपयोगी व कई योजनाओं के लाभ को लेकर ग्रामीण मतदाताओं तक जाना है। वर्ष 2014 से पूर्व और वर्तमान देश की स्थिति से उन्हें अवगत भी कराना है।

रविवार को हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंडल व बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरी बार पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीताने व देश में पुन॰ नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये उन्हें अपना मत देने व आसपास को हर हाल में शत प्रतिशत मतदान कराने के प्रति सजग व सक्रिय रहने की जरुरत है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी मतदाताओं तक संपर्क करने व मतदान के समय घरों तक हरसंभव बुलाने के प्रयास किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में झारखंड में बालू फ्री मिलता था। आज स्थिति है कि साईकिल में ढो रहे गरीबों को दो बोरा तक बालू पुलिस पकड़ने में लगी है।

इस देश में भाजपा से भ्रष्टाचारी, विभिन्न अवैध कारोबार से जुड़े माफिया भूमिगत हो गये या फिर जेल की सलाखों की हवा खा रहे हैं।

### तीसरे कार्यकाल में सभी छूटे कार्य को पूरा करेंगे : वीडी राम

सांसद विष्ण दयाल राम ने कहा कि पद अनुरुप जनता के लिये जो काम किया जाना चाहिये, उस पर खरा उतरने का काम किया है। पलामू में केन्द्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को सामने रखते हुए कहा कि देवरी सोन नदी में पुल, सोन, कोयल, ओरंगा नदी लिफ्ट इरिगेशन से विभिन्न जलाशयों में जल भंडारण करने व क्षेत्र की सूखी पड़ी खेती योग्य भूमि को सिंचित कराने के लिये योजना को चुनाव के बाद भाजपा सरकार अवश्य पूरा करेगी।

साथ रेल यातायात से संबधित विभिन्न स्थानों से मिले प्रस्ताव को भी पूरा कराने की कोशिस होगी। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव जबकि संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा व पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल ने किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम को निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रफुल सिंह, रामप्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, पूर्व सांसद घुरन राम, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार सिंह, श्रवण अग्रवाल, जिला पार्षद संगीता देवी, अजय गुप्ता, महेंद्र सिंह, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, माणिकचंद शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम देवी ने भी संबोधन में लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रति उत्साहित किया। साथ ही वक्ताओं ने हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सात मंडलों से डेढ़ लाख से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का संकल्प लिया है।

# सत्ता में आए तो कराएंगे संपत्ति के बंटवारे का सर्वे : राहुल गांधी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के जितनी आबादी उतना हक नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है. कांग्रेस का घोषणापत्र जारी करने के बाद हैदराबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के अलावा वेल्थ सर्वे (संपत्ति के बंटवारे का सर्वेक्षण) कराया जाएगा, यह हमारा वादा है.उन्होंने कहा,हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं. उसके बाद, धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे.यह रेखांकित करते हुए कि पार्टी सभी क्षेत्रों में सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगी, राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि वह लोगों को उनका उचित हिस्सेदारी दिलाए. राहुल गांधी ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की संख्या देश की कुल आबादी का 90 फीसदी है. उन्होंने कहा,लेकिन, आप उन्हें नौकरियों में नहीं देखेंगे. सच्चाई यह है कि इस 90 फीसदी आबादी के पास कोई हिस्सेदारी नहीं है.कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 90 आईएएस अधिकारी हैं जो देश का प्रशासन चलाते हैं. लेकिन उनमें से केवल 3 ओबीसी, 1 आदिवासी और 3 दलित हैं. राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की संपत्तियों, नौकरियों और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को समुदायों की जनसंख्या के हिसाब से वितरित करने का कार्य करेगी.कांग्रेस ने शुक्रवार को न्याय के पांच स्तंभों पर फोकस करते हुए अपना घोषणापत्र जारी किया. पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में देश में ओबीसी के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए जाति जनगणना और अन्य उपायों पर ध्यान केंद्रित किया है. बता दें कि तेलंगाना में 17 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को एक ही चरण में मतदान होगा. लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित होंगे. राहुल गांधी तेलंगाना में जिस जगह पर रैली को संबोधित कर रहे थे, वहीं से सोनिया गांधी ने पिछले साल कांग्रेस की 6 गारंटियों की घोषणा की थी.

# अखिलेश यादव ने मुख्तार की मौत के बाद अंसारी परिवार से की मुलाकात



एजेंसी

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की। बता दें कि अखिलेश यादव की यह मुलाकात अफजाल अंसारी के घर पर हुई, जिसे फाटक के नाम से जाना जाता है। इस दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैं इस दुख की घड़ी में मुख्तार अंसारी के परिवार के सभी सदस्यों से मिला। जो घटना हुई वो सबके लिए चौंकाने वाली थी। हमें उम्मीद है कि सरकार सच्चाई सामने लाएगी और परिवार को न्याय मिलेगा। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि जो व्यक्ति इतने वर्षों तक जेल में रहा हो, उसके बाद भी जनता उसे जिता रही है। इसका मतलब उस व्यक्ति ने जनता के बीच में रहकर दुख और दर्द को बांटा है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार सच्चाई सामने लाएगी और परिवार को न्याय मिलेगा। जब वे भाजपा की सरकार आई है तब से संस्थाओं पर भरोसा कम हुआ है। लोग अपने न्याय के लिए आत्मदाह तक कर रहे हैं। आखिरकार सरकार क्या चाहती है। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत तो चौंकाने वाली है ही। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उन्होंने खुद कहा था कि उन्हें जहर दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि क्या स्वतंत्रता आंदोलन में उमर और मनु अंसारी के दादा की कोई भूमिका नहीं थी। सरकार इन चीजों को छिपाना चाहती है। कभी-कभार लोग दूर बैठे होते हैं और किसी भी व्यक्ति की छवि को पहचान नहीं पाते हैं। लोगों के बीच मुख्तार अंसारी की छवि को जिस तरीके से प्रसारित किया गया है, वो वैसे नहीं थे। अंसारी परिवार हमेशा से गरीबों के लिए कल्याणकारी कामों को करने में शामिल रही है। यही कारण है कि मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने यह बता दिया कि मुख्तार अंसारी के परिवार के साथ लोग खड़े हैं। हम कैसे मान सकते हैं कि मुख्तार अंसारी की मौत सामान्य मौत है। रूस में भी विपक्षी नेता को जेल के अंदर जहर देकर मार दिया गया था।